दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 45 | सीकर, रविवार 12 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## बंगाल की जनता टीएमसी का अहंकार चकनाचूर करेगी : पीएम

### ममता ने कहा- बीजेपी बंगाल विरोधी, उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए



कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा, मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और बांग्लादेश सीमा से सटे दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधा। पीएम ने कहा- आजादी के बाद से, बंगाल को चुनौती देने की हिम्मत करने वाले हर व्यक्ति का अहंकार चकनाचूर हो गया है। पहले अंग्रेजों का, फिर कांग्रेस का, और अंत में वामपंथियों का अहंकार भी चकनाचूर हो गया। अब बंगाल की जनता टीएमसी के अहंकार को चकनाचूर कर देगी।

सीएम ममता ने भी झारग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर के केशियारी में रैली की। इस दौरान ममता ने कहा- भाजपा बंगाल विरोधी है, उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए। ममता ने दावा किया कि भाजपा ने दो झूठे हलफनामे दाखिल कर भवानीपुर से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की।

#### ममता का दावा- भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द करने की कोशिश की गई

बंगाल के केशियारी में मुख्यमंत्री ममता ने चुनावी रैली के दौरान कहा- भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द करने के लिए दो झूठे हलफनामे दायर किए गए थे। वे ऐसा नहीं कर सके, लेकिन सोचिए अगर वे मेरे खिलाफ ऐसा कर सकते हैं, तो दूसरों के खिलाफ क्या-क्या कर सकते हैं।

#### पीएम की 3 रैलियों की मुख्य बातें

**कटवा, पूर्व वर्धमान**-पीएम मोदी ने कहा- बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। घुसपैठियों को बोरिया-बिस्तर बांधना शुरू कर देना चाहिए, जाने का समय आ गया है। अवैध प्रवासियों की मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पीएम ने कहा- भाजपा टीएमसी सरकार की योजनाओं को नहीं रोकेगी, बल्कि उसके भ्रष्टाचार और लूट का अंत करेगी। भाजपा की रैलियों में भारी जनसमूह 4 मई के नतीजों का ट्रेलर है।

**जंगीपुर, मुर्शिदाबाद**-पीएम ने कहा कि बंगाल में टीएमसी के महाजंगलराज को खत्म करने के लिए बीजेपी का मेनिफेस्टो रोडमैप है।

पीएम ने कहा- जब बंगाल बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई ताकत उसे रोक नहीं सकती।

**दक्षिण दिनाजपुर**-पीएम ने कहा- टीएमसी मुझे गालियां देती है। झूठे आरोप लगाती है, लेकिन यह नहीं बताती कि पिछले 15 साल में बंगाल के लिए क्या किया। उसके पास न नीयत है और न ही नीति।

पीएम ने पिछले साल दिसंबर में कोलकाता में लियोनेल मेस्सी को लेकर हुए विवाद पर कहा- टीएमसी ने फुटबॉल मैनेजमेंट एक सिंडिकेट को सौंप दिया, पूरी दुनिया ने शर्मनाक तस्वीरें देखीं। बंगाल के बाजारों में भी चुनावी माहौल दिख रहा है। कोलकाता के बारा बाजार में एक दुकान पर पीएम मोदी, सीएम ममता और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के फेस मास्क बिकते दिखे।

## ज्योतिबा फूले दलितों और महिलाओं के उत्थान के अग्रदूत थे : हर्षिनी कुलहरी



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर रीको स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा समाज उत्थान हेतु किए गए अथक प्रयासों और महान कार्यों को याद किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन और उनके सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे दलितों और महिलाओं के उत्थान के अग्रदूत थे। महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के लिए जीवन पर्यन्त संघर्षरत रहे। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, कुरीतियों और छुआछूत को समाप्त करने हेतु जनजागरण चलाते हुए समानता के अधिकार का संदेश दिया। कुलहरी ने बताया कि फूले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों का डटकर मुकाबला किया और लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोलकर इतिहास रचा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि महात्मा फूले के विचारों को अपनाते हुए समाजसेवा में जुटें। यह आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले के प्रति भाजपा की श्रद्धा को दर्शाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत, अजय चाहर, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, ताराचंद सैनी, पार्षद विजय कुमार सैनी, रामनिवास सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सहल, विकास पुरोहित, दयाराम सैनी, दीपक स्वामी, उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, नरेन्द्र पूनिया, रमेश चौमाल, मनोहर धूपिया, अनिल जोशी, चंद्र प्रकाश जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पालिका के सहायक अभियंता के पास 3.70 लाख की संदिग्ध नकदी जब्त

### एसीबी की आकस्मिक चेकिंग में कार्रवाई



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए बारां जिले की अंता नगर पालिका में पदस्थापित सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह के कब्जे से 3 लाख 70 हजार रुपये की संदिग्ध नकदी जब्त की है। यह कार्रवाई एसीबी की करौली इकाई द्वारा आकस्मिक चेकिंग के दौरान की गई। एसीबी महानिदेशक गोविन्द्र गुप्ता ने बताया कि मुख्यालय को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना में बताया गया था कि सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह बड़ी मात्रा में अवैध राशि लेकर हिण्डौन सिटी जिला करौली जाने वाले हैं। इस सूचना पर एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के निर्देशन में करौली इकाई के पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज ने बयाना रोड, हिण्डौन सिटी पर आकस्मिक चेकिंग की। इस दौरान महेन्द्र सिंह के पास से 3०70 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अधिकारी उक्त राशि के संबंध में कोई ठोस सबूत या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद एसीबी ने राशि को जब्त कर लिया और मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं एस. परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## गहलोत बोले- प्रधानमंत्री ने वादा नहीं निभाया

### मोदी ने कहा था कांग्रेस की कोई योजना बंद नहीं करेंगे, लेकिन कई प्रोजेक्ट्स बंद किए

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि पीएम मोदी ने चुनावों के वक्त किया वादा नहीं निभाया। प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव के दौरान चित्तौड़गढ़ में राजस्थान के लोगों से वादा किया था कि वे कांग्रेस सरकार की एक भी योजना को बंद नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री ने मेरा नाम लेकर कहा था कि राजस्थान के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि सरकार बदली तो योजनाएं बंद हो जाएंगी, लेकिन मैं राजस्थान की जनता को विश्वास देना चाहता हूं कि राजस्थान में एक भी योजना बंद नहीं होगी। हकीकत इससे अलग है। गहलोत ने कहा- अब मैं बार-बार प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित कर रहा हूं कि वो अपने मुख्यमंत्री को कह नहीं पा रहे हैं या मुख्यमंत्री के हाथ में नहीं है। प्रधानमंत्री ने चुनाव जीतने के लिए राजस्थान की जनता से वादा किया था, लेकिन अब वो अपने वादे पर अटल नहीं हैं। दुर्भाग्य है कि हमारी सरकार के समय चल रहे कई प्रोजेक्ट्स को बंद कर दिया गया। कई योजनाओं के नाम बदल दिए गए हैं। गहलोत जयपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

## कटिहार में भीषण सड़क हादसे में 10 की मौत

### पूर्णिया से भागलपुर जा रही बस ने कई लोगों को कुचला

नई दिल्ली



कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं. एनएच-31 पर डागपुर बकरी फार्म के पास एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर कई लोगों को कुचलती चली गई. इस भीषण हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 30 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं.

#### पूर्णिया से भागलपुर जा रही थी बस

जानकारी के अनुसार, यह यात्री बस पूर्णिया से भागलपुर की ओर जा रही थी. बस में काफी संख्या में यात्री सवार थे. जैसे ही बस डागपुर बकरी फार्म के पास पहुंची, अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क पर जा रहे दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी.

#### टक्कर के बाद और बेकाबू हुई बस

स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के बाद चालक बस को लेकर भागने की कोशिश करने लगा. इसी दौरान उसने एक पिकअप वाहन को भी टक्कर मार दी, जिससे स्थिति और भयावह हो गई. बस की रफ्तार और अनियंत्रित स्थिति के कारण सड़क पर मौजूद कई लोग इसकी चपेट में आ गए.

#### मौके पर मची अफरा-तफरी

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई. स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए. घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

#### पुलिस ने संभाला मोर्चा, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. साथ ही हादसे के कारणों की जांच भी की जा रही है.

#### इलाके में दहशत, परिजनों में मचा कोहराम

इस भीषण हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. एक ही पल में कई घरों के चिराग बुझ गए. जिससे गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई.

## प्रदेश में 16 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया- सीएम



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन महिला, किसान, मजदूर समेत शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा ज्योतिबा फुले के मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सामाजिक एकता और समरसता के मार्ग पर चलकर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

शर्मा शनिवार को बांदीकुई में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती एवं विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने ज्योतिबा फुले को सच्चा महात्मा कहा था। वहीं, बाबा साहेब ने इनको अपने तीन गुरुओं में से एक माना था। महात्मा ज्योतिबा फुले ने पिछड़ों और महिलाओं के मन में सामाजिक न्याय और शिक्षा की ज्योति जलाई। उन्होंने सामाजिक सुधार की शुरूआत सबसे पहले सावित्री बाई फुले को शिक्षित कर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर बेटियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधवाओं और अनाथों के लिए आश्रय गृह खोले एवं महिला अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने महिला अधिकारों के लिए मंगलाष्टकों की रचना की। ज्योतिबा फुले ने पीड़ित किसानों और मजदूरों के हितों के लिए भी संघर्ष किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष लाल किले की प्राचीर से पूरे देश को महात्मा फुले की 200वीं जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाने का संकल्प दिलाया था। इसी क्रम में आज से 10 अप्रेल 2027 तक महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले के मिशन से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री ने अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिनसे पिछड़ों, दलितों और महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना एवं जन धन योजना से बड़ी संख्या में महिलाएं लाभांवित हुई हैं।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनायी

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थिति न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनायी गई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन और उनका सत्यशोधक समाज विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने छात्राओं को ज्योतिबा फुले के जीवन व उनके योगदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी साथ ही बताया कि ज्योतिबा फुले ने सदैव दलितों और महिलाओं के कष्टों को दूर करने व उनके कल्याण हेतु कार्य किये है। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक समानता, जाति प्रथा के उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बनाया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने छात्राओं को बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का सत्यशोधक समाज सत्य की खोज करने वालों का समाज रहा है। जो समाज के निम्न वर्ग तथा महिलाओं के कल्याण में अत्यधिक प्रयास करता है। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी पिंकेश, अन्जु सैनी, समस्त स्टाफ सदस्य तथा छात्राएँ उपस्थित रहें।

**स्कूल में निबंध प्रतियोगिता आयोजित**-स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में महान समाज सुधारक और सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया व स्टाफसदस्यों ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय स्तरीय एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में 36 विधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष, उनकी क्रांतिकारी विचारधारा और समाज के प्रति उनके योगदान से परिचित कराया । इंजी. ढूकिया ने ज्योतिबा फुले की स्त्री शिक्षा विचारधारा व आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान व सामाजिक सरोकारों के बारे में विस्तार से बताया। प्रतियोगिता प्रभारी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में राधिका, नवीन, निकिता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निधि सिहाग, सुधीर शर्मा, मंगलाराम जांगिड़, सुनील मील, योगेन्द्र बसेरा, पवन कुमार व स्टाफसदस्य मौजूद रहें।

## कोबरी-सार



# अम्बेडकर-फुले विचार क्रांति महोत्सव : मंच से जाने-माने वक्ताओं ने रखे ओजस्वी विचार


निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अम्बेडकर मैमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से चार दिवसीय कार्यक्रम अम्बेडकर-फुले विचार क्रांति महोत्सव 2026 शनिवार से शुरू हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से अवसर पर डॉ. अम्बेडकर मैमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, झालाना डूंगरी, जयपुर में आयोजित इस महोत्सव में शिक्षा, आरक्षण, जातिगत भेदभाव समेत विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. बीआर अंबेडकर और महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित करके किया गया। उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी जयनारायण शेर ने कहा कि शिक्षा के पाठ्यक्रमों में महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महान लोगों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत की। डॉ. अम्बेडकर मैमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने कहा कि चार दिन का यह महोत्सव वैचारिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही समाज में समानता की राह प्रशस्त करने के लिए किया गया है। यह सामूहिक प्रयासों से संभव हो सकेगा। मंच संचालन श्री सुनील नारनौलिया ने किया। कार्यक्रम के पहले टॉक शो में शिक्षा बराबरी का अधिकार या एलिट का बिजनेस: वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा की दिशा क्या होनी चाहिए, विषय पर रिटायर्ड आईएएस बीएल नवल, एडवोकेट डॉ. महेंद्र कुमार आनंद, एमएल परिहार, गोपाल लखन ने चर्चा की। सत्र में अपने अधिकारों के साथ ही बदलते समय के साथ शिक्षा की बदलती आवश्यकताओं व नए विकल्पों की ओर मुड़ने की जरूरतों पर बात की गई। अगला सत्र श्आज भी आरक्षण: सोल्यूशन या सिस्टम की फेलियर पर आयोजित किया गया। इस सत्र में बीएल आर्या, भंवर मेघवंशी, बीएल बैरवा व महेश चौधरी ने विचार रखे। सत्र में बताया गया कि जब भेदभाव सामाजिक तौर पर है, तो आरक्षण आर्थिक आधार पर किस तरह किया जा सकता है। सत्र कौन जात हो भाई: समानता हक है। में श्री सत्यवीर सिंह, विनोद वर्मा रलवाता, डॉ. मुकेश कुमार वर्मा और जाने माने लेखकर बच्चा लाल उन्मेष ने अपने विचार रखे। बच्चा लाल उन्मेष ने अपनी कविताओं को प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने अपनी कविता कौन जात हो भाई की पृष्ठभूमि को लेकर बताया कि यह कविता उस वक्त जन्मी, जब कोरोना त्रासदी के दौरान एक सब्जी वाले से खरीद से पहले एक व्यक्ति ने पूछा कि कौन जात हो भाई। सत्यवीर सिंह ने कहा कि हमें जात को जमात में बदलना होगा। जाति उपजाति के उच्चता के सिद्धान्त से हमें दूर होना होगा। महोत्सव के दौरान आयोजित युवा संसद में युवाओं के मुद्दों की गूंज सुनाई दी।

## सुरेश पूनिया अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के प्रवक्ता नियुक्त

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय शांति मिशन के तहत चिड़ावा के सुरेश पूनिया को मंच का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानन्द झा के दिशा-निर्देश एवं अनुशंसा पर की गई है। मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि संगठन अपनी कार्ययोजना का विस्तार दुनिया के 25 राष्ट्रों में कर रहा है। इसी क्रम में वस्त्र व्यापार संघ चिड़ावा के सचिव सुरेश पूनिया को वैश्विक स्तर पर संगठन की विचारधारा को प्रसारित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पूनिया अपने दायित्व के तहत विभिन्न देशों में संवाद स्थापित कर भारत-नेपाल की प्राचीन वैदिक एवं सांस्कृतिक विरासत के पुनरुत्थान के लिए कार्य करेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को प्रभावशाली बनाना और शांति व भाईचारे का वातावरण तैयार करना होगा। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्मैक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5.47 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि शहर में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित कुमार सांसी 22 निवासी टीला नंबर 6बी, कच्ची बस्ती, जवाहर नगर को गिरफ्तार किया और उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 5.47 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## फिल्म अभिनेता पुनीत झाझड़िया की एक और वेब सीरीज रिलीज

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** गांव पदमपुरा के युवा फिल्म अभिनेता पुनीत झाझड़िया पुत्र राजेंद्र झाझड़िया हाल निवासी चिड़ावा ने हिंदी सिनेमा में टीवी धारावाहिक तथा वेब सीरीज में बेहतरीन अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर अपार स्नेह बटोरा है। हिन्दी सिनेमा में अभिनय करने के साथ ही राजस्थानी स्टेज ओटीटी प्लेटफार्म पर भी एक के बाद एक हिट फिल्मों के क्रम में पुनीत झाझड़िया की धमाकेदार वेब सीरीज कोटा सीक्रेट राजस्थानी स्टेज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 10 अप्रैल को रिलीज हुई है। वेब सीरीज की कहानी कोटा के कोचिंग विद्यार्थियों के अध्ययन, मनरूस्थिति तथा दैनिक जीवन को दर्शाती है। अभिनेता झाझड़िया पुलिस इंस्पेक्टर तरुण मीणा की भूमिका में रहते हुए विद्यार्थियों के जीवन के महत्वपूर्ण सीक्रेट को बखूबी उजागर करने में सफल रहते हैं। वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य को समर्पित झाझड़िया की इस वेब सीरीज को दर्शकों का बेहद प्यार और स्नेह मिल रहा है जिसके चलते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हाउस फुल जैसी स्थिति बनी हुई है। वेब सीरीज के बारे में जानकारी अभिनेता झाझड़िया के इंस्टाग्राम हैंडल पर देखी जा सकती है।

## 13 साल से फरार वाहन चोर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 साल से फरार एक वाहन चोर को दबोचा है, जिसे पहले ही न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जवाहर नगर थाना प्रभारी महेश चंद्र गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। जवाहर नगर थाना प्रभारी महेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि परिवादी गौरव झांवर निवासी जवाहर नगर ने वर्ष 2013 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इस संबंध में जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सुरेश मीणा निवासी बड़ा गांव, पुलिस थाना बौंली जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली थी। बाद में आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया गया, लेकिन न्यायालय में पेश नहीं होने पर उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। हाल ही में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और सूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिसकर्मी विनोद कुमार और बनवारी लाल की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह में 67 प्रतिभाएं होगी सम्मानित

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय पीरु सिंह सर्किल स्थित खाना खजाना रेस्टोरेंट सभागार में आज रविवार को दोपहर 1 बजे वर्ष 2026 सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण समाज के 67 होनहार मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच एवं अति विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा करेंगे।

## पुलिस कमिश्नर ने परिवादियों की समस्या सुन किया निस्तारण

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को चौमू थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमू व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान चौमू सर्किल के चौंमू, हरमाड़ा, विश्वकर्मा एवं दौलतपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधरनगर, भांकरोटा, बस्सी एवं शिवदासपुरा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल का शुभारंभ



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** बीकानेर शहर में आंखों का अस्पताल डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल का रानी बाजार में भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन के पहले दिन अस्पताल में 200 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच अत्यआधुनिक मशीनों द्वारा नि:शुल्क जाँच की गई। आंखों की जांच करने वाली टीम में डॉ. रौनक पूनिया, डॉ. चंद्रेश बैद व डॉ. अभिषेक सेठिया द्वारा सभी मरीजों की आंखों की जांच की गई यऔर परामर्श दिया गया। डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल भारत की तेजी से बढ़ती हुई आंखों की अस्पताल है। जिसके पूरे भारत में 280 से अधिक अस्पताल है। अभी अस्पताल द्वारा नि:शुल्क आंखों की जांच व परामर्श सेवा दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए रानी बाजार डॉक्टर अग्रवाल आई हॉस्पिटल में संपर्क करें।

## सेनेटरी नेपकिन वितरित



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा उपलब्ध करवाए गए कुल 300 सेनेटरी नैपकिन्स वीर केन्द्र 100, वीरा केन्द्र 100, व यूथ केन्द्र 100 आज दिनांक 11.04.26 को सावित्री देवी गट्टाणी बालिका आदर्श विद्या मंदिर, नोखा के प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई को केन्द्र चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत व वीरा सचिव ललिता मंत्री ने भेंट किए। गरिमा प्रोजेक्ट झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल नोखा के वीर केंद्र, वीरा केंद्र एवं यूथ केंद्र द्वारा सामूहिक रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीरा केंद्र की उपाध्यक्ष वीरा जयश्री भूरा ने अपेक्स के इस राष्ट्रीय प्रकल्प के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर वीर ईश्वर चन्द दूगड़, वीरा अंजू हीरावत, वीरा मैना तापड़िया, श्याम सेवग, व मनीष सीगड़ उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भाग चन्द ने महावीर इंटरनेशनल के तीनों केंद्रों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रक्तदान शिविर आयोजित



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती तथा स्व. सुरेंद्रसिंह टांक की स्मृति के उपलक्ष में मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान द्वारा अंबेडकर भवन झुंझुनू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान के जिला संयोजक रामनिवास भूरिया एवं महासचिव मदनलाल गुडेसर ने बताया कि कैंप का उद्घाटन भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजेश दहिया ने फीता काटकर किया। दहिया ने सबसे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, बीएल चिरानिया, सुरेंद्र सिंह टांक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

रक्तदाताओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। संस्थान द्वारा रक्तदाताओं को बाबा साहेब की प्रतिमा एवं मेडल देकर संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। बीडीके हॉस्पिटल की बल्ड बैंक टीम ने 52 यूनिट रक्त संग्रह किया। राजेश दहिया ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई कर बताया कि युवाओं को मानवता हितार्थ वर्ष में दो बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक महावीर सानेल, मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान के जिला संयोजक रामनिवास भूरिया, जिला महासचिव मदनलाल गुडेसर, गौरव सेनानी ओमप्रकाश भूरिया, सौभाग्य टांक, राधेश्याम खारिया, बालाराम, लीलाधर चौहान, रामस्वरूप रसोड़ा, जितेंद्र गर्वा, संदीप टंडन, सीताराम बास बुडाना, महेश जसरापुर, महेश दौलतपुरा, हरिराम पिपरालिया, प्यारेलाल भूपेश, राजेश हरिपुरा, योगेश टंडन, सुनील गोठवाल, घीसाराम रसोड़ा, इंद्राज सिंह भूरिया, अजय वर्मा, हरफूल सिंह, नरेंद्र टंडन, सुभाष मुंडोतिया, अनिल भड़ौंदा, राजकुमार आबूसरिया, बंशीधर भीमसरिया, प्रमोद कांटीवाल, पवन नुआ, लालचंद महरिया, सुनील गोठवाल, एडवोकेट मुकेश लालपुरिया, डॉ प्रतीक्षित सानेल, भागीरथ आलड़िया, कर्मवीर महरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि अर्पित कर धूमधाम से मनाई महात्मा फुले जयंती

निसं



**सिंघाना (नवयत्न)।** क्रांतिसूर्य महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर माली सैनी समाज ब्लॉक सिंघाना द्वारा फुले सर्किल ढाणा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष डीपी सैनी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्डाराम पंच ने की। समारोह में सरपंच विकास सैनी मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी प्रभु हलवाई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज में शिक्षा, जागरूकता और एकता को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए युवाओं से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामवतार हलवाई, लक्ष्मण सिंह सैनी शिक्षाविद्, विजेंद्र सैनी अध्यापक, धूड़ाराम, कैलाश मास्टर, सुनील, राजू, अशोक, आकाश कुमार, अभिषेक सैनी, नोरंग, फूलचंद, बाबूलाल, बजरंग सैनी, दीपक, सुरेंद्र सैनी, मुकेश, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, सुनील, नरेश कुमार, महावीर सैनी, रणजीत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सिंघाना से बड़ी संख्या में समाज के लोग फुले-अंबेडकर वाहन रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

## गांव की शादी पर दो सिलेंडर की सीमा, शहर में तीन की छूट, प्रशासन के फैसले पर उठे सवाल

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला प्रशासन के हालिया निर्देशों ने गांव और शहर के बीच भेदभाव की बहस को हवा दे दी है। गांवों में होने वाली शादियों के लिए जहां केवल दो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की अनुमति दी गई है, वहीं शहरी क्षेत्र में तीन सिलेंडर तक की मंजूरी दी जा रही है। इस फैसले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शादियों में आमतौर पर सैकड़ों मेहमान जुटते हैं और दो सिलेंडर में भोजन बनाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में या तो खाना कम पड़ने का डर रहता है या फिर लोगों को अतिरिक्त इंतजाम गुपचुप करने पड़ते हैं, जो नियमों के उलट है। इस मुद्दे पर कई लोग महात्मा गांधी के उस कथन को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब देश की बड़ी आबादी गांवों में रहती है तो फिर सुविधाओं और अनुमति में यह असमानता क्यों ? दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में तीन सिलेंडर की छूट को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि शहरों में वैकल्पिक साधन और संसाधन अधिक उपलब्ध हैं जबकि गांवों में सीमित संसाधनों के बीच ही बड़े आयोजन होते हैं। ऐसे में गांवों पर सख्ती और शहरों को राहत देना दोहरे मापदंड जैसा प्रतीत होता है। प्रशासन की ओर से अब तक इस अंतर के पीछे स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है लेकिन बढ़ती नाराजगी के बीच ग्रामीणों ने नियमों में समानता और व्यावहारिक बदलाव की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि या तो गांव और शहर दोनों के लिए एक समान नियम लागू किए जाएं या फिर गांवों की परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर की सीमा बढ़ाई जाए ताकि शादी जैसे सामाजिक आयोजनों में अनावश्यक परेशानी न हो।

## अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी रींगस ने किसान सभा का 90 वां स्थापना दिवस किसान सभा के तहसील अध्यक्ष केशाराम धायल के झण्डारोहण के साथ मनाया। झण्डारोहण के बाद किसान सभा के द्वारा आजादी लेकर अब तक किये गए आन्दोलन पर कामरेड हजारीलाल शर्मा ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसान सभा की आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद में भी किसानों और आम आदमी के हितार्थ अनेक आन्दोलन लड़े और जीते भी।

तहसील सचिव भूदाराम बगड़िया ने किसान सभा के स्थापना के बारे में बताया। स्थापना दिवस समारोह में कामरेड हजारीलाल शर्मा, किसान सभा के तहसील अध्यक्ष केशाराम धायल, सचिव भूदाराम बगड़िया, गोपाल सिंह बाजिया, एडवोकेट सीताराम पाखण्डा, सूरजभान धायल, मालीराम वर्मा, हरलाल सिंह, मदन बाजिया, बीरबल बगड़िया, जवाहर सिंह मूण्ड, सुरेश कुमार शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित हुए।

## पाला सकलाय दादा का मेला आज से

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** बाकरा गांव में श्री पाला सकलाय दादा का दो दिवसीय मेला 12 अप्रैल से शुरू होगा। मेले को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति की ओर से भजन संध्या, जागरण और कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संयोजक सुरेश खीचड़, राजेंद्र खीचड़ तथा पूर्व सरपंच सतीश खीचड़ ने बताया कि 12 अप्रैल की रात साढ़े आठ बजे से रात्रि जागरण होगा। जागरण में प्रसिद्ध गायक कलाकार बाबूलाल चौधरी, सोनम गुर्जरी, ममता चौधरी, किशोर मीणा तथा कमलेश प्रजापत अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा नृत्यांगना आशा मीणा जोधपुर, रेणु रंगीली, अंजली चौधरी और शारदा मीणा भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगी। विशेष आकर्षण के रूप में सोनू मारवाड़ी की अनूठी प्रस्तुतियां भी रहेंगी। बाबूलाल चौधरी एंड पार्टी की ओर से पूरी रात भक्तिमय माहौल बनाया जाएगा। मेले के दूसरे दिन 13 अप्रैल को दोपहर साढ़े तीन बजे से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई पहलवान भाग लेंगे। विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## सैनी का राष्ट्रीय जाट महासभा ने किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** यूपी के दिग्गज भाजपा नेता और पूर्व एमएलसी परमेश्वर सैनी का राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनाकर परमेश्वर सैनी का स्वागत किया। इस अवसर पर परमेश्वर सैनी ने कहा कि मूलत: मैं राजस्थान का लोसल का ही हूं लेकिन पिछले काफी सालों से यूपी के संभल और मुरादाबाद की राजनीति में सक्रिय हूं। सुजानगढ़ में हुए स्वागत को लेकर उन्होंने आभार जताया और कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा द्वारा किए गए स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कीलक ने कहा कि यूपी की राजनीतिक में काफी अच्छा दखल रखने वाले परमेश्वर सैनी काफी सरल स्वभाव के धनी हैं और काफी लोकप्रिय भी हैं। इस अवसर पर गिरधारीलाल, हरि भामू, पंकज स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस किसान मजदूर भवन तारानगर में मनाया गया। कॉमरेड रमेश कस्वां द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रमेश कस्वां की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कामरेड उमराव सिंह ने कहा कि हमारे आंदोलन के बदौलत गाजूवास माइनर में अधिग्रहण की गई भूमि किसानों को वापस मिली है तथा फसल बीमा क्लेम को लेकर आगामी आंदोलन और तेज किया जाएगा । वही कामरेड विक्रम सोनी ने बताया की अखिल भारतीय किसान सभा का राज्य सम्मेलन तारानगर में होने वाला है जिसकी तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर उमराव, विक्रम सोनी, चिमनाराम, किशन शर्मा, रामस्वरूप सहारण, नितेश उपाध्याय, श्योकरण भांभू, रमेश कसवा, काशीराम, बुधराम, जयसिंह सहारण, मनोहरलाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई ज्योतिबा फुले जयंती



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थिति सैनी मंदिर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। विधायक भगवान राम सैनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, विवाह एवं सामाजिक कार्यक्रमों में अनावश्यक खर्चों को कम करने, बच्चों की शिक्षा पर जोर देने तथा सामाजिक समरसता बनाये रखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज अध्यक्ष केदारमल सैनी ने की। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष बीरबल सैनी, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार सैनी, सेवानिवृत उपनिदेशक रामकरण सैनी, महामंत्री बनवारी लाल सैनी, एडवोकेट श्रवण कुमार सैनी, कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीएल सैनी, डॉ. अशोक कुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विश्वेश्वर लाल सैनी, पार्षद शिव प्रसाद चेजारा, शिक्षाविद् सहदेव सैनी, सेवानिवृत प्रधानाचार्य भागमल सैनी मदनलाल सैनी से.नि.एस आई, डॉक्टर अशोक कुमार सैनी, राधेश्याम रचयिता, पवन कुमार शाह, नेहरू वाल्मीकि बाबूलाल सैनी गिरधरपुरा, सेवानिवृत्त कंपाउंडर महेश कुमार सैनी, किसान नेता धनाराम सैनी, बागोरा सरपंच प्रतिनिधि रमेश सैनी, सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक सीताराम सैनी, किसान नेता धनाराम सैनी, राकेश सैनी, नेहरू वाल्मीकि, डॉ. मुकेश बागड़ी, सेवानिवृत्त प्रसार अधिकारी बोदूराम सैनी, सेवानिवृत शिक्षक रामलाल सैनी एडवोकेट प्रभु दयाल सैनी, सुरेश नायक, रामकरण सैनी, मोतीराम सैनी, रमेश असवाल, से.नि. शिक्षक रामलाल सैनी, पूर्व पार्षद जगदीश बागड़ी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल सैनी ने किया । कस्बे में दूसरी ओर पुराना बस स्टैंड के निकट देश के समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती मीनू सैनी के द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भगवाना राम सैनी थे। विशिष्ट अतिथि सैनी समाज अध्यक्ष केदारमल सैनी, खटीक समाज अध्यक्ष हरिराम असवाल, विप्र समाज अध्यक्ष गौतम मारवाल, रेगर समाज अध्यक्ष गंगाधर, सेन समाज अध्यक्ष सुरेश सेन, कुमावत समाज अध्यक्ष शिवप्रसाद चेजारा, तेली समाज अध्यक्ष बसीर तेली, मेघवाल समाज से हंसा वर्मा, गुर्जर समाज से नरेश धाबाई, पार्षद प्रतिनिधि राकेश जमालपुरिया सहित आदि थे।

## साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पीएम श्री इंद्रमणि शारदा राबाउमा विद्यालय में राज्य सरकार की ओर से कक्षा 9 में गत सत्र में पढ़ने वाली 26 बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण प्रधानाचार्य कमलेश के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बालिकाओं को नियमित रूप से साइकिल चालन से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना से बालिकाओं का राजकीय विद्यालयों की ओर आकर्षण बढ़ा है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मांगीलाल आसेरी, व्याख्याता ओंकारमल सहारण, उर्मिला पचार, शीला सैनी, वरिष्ठ अध्यापक सुमेर सिंह सिहाग, विमल भाकर, उषा पचार, केसर, विनोद कुमार, अध्यापिका रक्षा सारस्वत, पूनम आर्य, नवीन कुमार, पवन कुमार सहित अभिभावक व बालिकाएं उपस्थिति रही।

# फुले जयंती पर मनाया प्रेरणा पर्व

### भाषण प्रतियोगिता में पुनीत प्रथम




निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गर्ल्स पॉवर महिला मंडल चिड़ावा की संयोजिका पूजा शर्मा के नेतृत्व में फुले-अम्बेडकर प्रेरणा पर्व का आयोजन फुले जयंती के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक युवाओं ने श्महिलाओं के उत्थान में फुले-अम्बेडकर का योगदान विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उजाला सैनिक एकेडमी एवं गर्ल्स पीजी में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अवार्डी प्रभुशरण तिवाड़ी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, पूर्व चेयरमैन मधु शर्मा, राजस्थान शिक्षण संस्थान की चेयरपर्सन नीतिका थालौर, डॉ. अनिता मोदी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, भूपेंद्र सिंह छावसरी, मोहित शर्मा, जगमोहन एवं मधुकर रहे।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. शशि शर्मा, उपभोक्ता समिति उपाध्यक्ष सोना चेतीवाल एवं निधि शर्मा शामिल रहे। मंडल अध्यक्ष पूजा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को महापुरुषों के विचारों एवं उनके समाज सुधार में दिए गए योगदान से अवगत कराना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पुनीत सोनी सूरजगढ़, द्वितीय स्थान विनीत पंसारी सूरजगढ़ एवं तृतीय स्थान हर्षिता अडुकिया चिड़ावा, सांत्वना पुरस्कार तनु सैनी, गरिमा भाटी, आदिति मीणा एवं स्नेहा को प्रदान किए गए। विजेताओं को साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही शाकंभरी एजेंसी पिलानी द्वारा घी एवं अगरबत्ती के डिब्बे भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में उजाला चौधरी, नीतिका कुमारी, सोनू स्वामी, टीना शर्मा, सनी, सुधा जांगिड़, कौशल्या, टीना, विजयलक्ष्मी, किरण चौधरी, माया, मंजू वर्मा, कुसुम शर्मा, अनिता देवी, ललिता, करुणा, प्रियंका, इंदिरा, सुमन, अशोक स्वामी, संजय वर्मा, सुरेश पूनिया, बबीता सैनी, गीता सैनी, अविका, रामा शर्मा एवं अंजू शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निर्मल शर्मा, ख्याति केडिया ने किया तथा अंत में सह. संयोजिका नेहा सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद में महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की 199 वी जयंती भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा एवं पूर्व वार्ड पंच सीताराम सैनी के नेतृत्व में मनाई गई। सर्वसमाज के लोगों ने फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके शिक्षा व सामाजिक उत्थान के कार्यों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि फुले ने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और शिक्षा के प्रसार का संकल्प लिया। इस अवसर पर ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू, मदनलाल स्वामी, महेश कुमार शर्मा, मांगीलाल उदावत, गंगाधर किलानिया, सुभाष छिपी, लालचंद सोनी, राधेश्याम योगी, मंगलचंद जांगिड़, मनोहर लाल सैनी, दिनेश कुमार मेढ़, संजय कुमार सैनी, सुंदरलाल शर्मा एवं चंद्र सिंह शेखावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाबा रामदेव के दो दिवसीय मेले का शुभारम्भ



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नालपुर में शनिवार को बाबा रामदेव के दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम महिलाओं की ओर से गांव में कलश यात्रा निकाली गई। मेला कमेटी अध्यक्ष सुरेश खोवाल ने बताया कि नालपुर के बाबा रामदेव मेला परिसर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन कलश यात्रा के साथ दीप प्रज्वलित कर निशान अर्पित किए जाएंगे। इसके अलावा शाम को मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोक कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं की ओर से निकाली गई निशान व कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर में पंहुची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा के मंदिर में निशान चढ़ाकर धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। सुरेश खोवाल ने बताया कि गांव में इस प्रकार का धार्मिक आयोजन होने से ग्रामीणों की आस्था के प्रति भावनाओं को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को भी सनातन धर्म की महत्वपूर्ण जानकारी मिल पाएगी। गांव के महिला व पुरूषों ने हाथों में निशान लेकर निशान यात्रा में शामिल हुए।

इस दौरान ग्रामीणों की ओर से पुष्प वर्षा कर निशान यात्रा कर स्वागत किया। मेले में रविवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को मेला कमेटी की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश, अजय, योगेन्द्र, राजेश, मोहन, हरविंदर, जितेंद्र, अशोक, दीपक, जगन, कुलदीप, कुंदन, टोनी, महेंद्र, कृष्ण, विनोद, सुनील सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# फुले ने समाज को शिक्षित करने में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका : घुमरिया

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के घुमरिया कार्यालय में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक प्रत्याशी भामाशाह मनोज घुमरिया थे। अध्यक्षता जुगल किशोर सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अब्दुल रज्जाक, कालोटा पूर्व सरपंच हरीराम चौधरी, बुधराम शर्मा, सोहनलाल मौजूद थे। अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले, माता सावित्री बाई फुले एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज घुमरिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई फुले ने समाज को शिक्षित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके बाद सावित्री बाई को देश पहली महिला शिक्षिका का गौरव प्राप्त हुआ था। महात्मा ज्योतिबा फुले का बचपन बड़ी ही कठिनाइयों से बीता था, जिससे उन्होंने प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया और पहले खुद शिक्षित होकर समाज को शिक्षित होने की प्रेरणा दी। आज का युग शिक्षा का युग है इस युग में बेहतर मेहनत करने वाले ही सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होने से पूरे परिवार को आगे बढ़ने में बेहतर प्रेरणा मिलती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक होकर शिक्षा ग्रहण करवाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पास सरकार ने अनेक अधिकार दे रखे हैं तथा महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर इनका लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर एड. सुरेश सैनी, पार्षद गोकुल, राजेश सांखला, राजेंद्र, हरीराम चौधरी, नागरमल सैनी आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा की अलख जगाई थी उसी प्रकार खेतड़ी विधायक प्रत्याशी मनोज घुमरिया ने खेतड़ी विधान सभा क्षेत्र में चार निशुल्क कॉचिंग कॉलेज चला कर शिक्षा के प्रति अलख जगा रखी है। गरीब परिवार के लोग नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। इस मौके पर सुरेश सैनी, विशाल, रमेश, लोकराम, छोटू सैनी, फारुख, राजेश, वसीम, मनीराम, शहजाद, गोकुल, रोहितास, राधेश्याम सैनी, नागरमल सैनी, सुशील मीणा, विक्रम मेहरड़ा, सुरेश सैनी, मुरारीलाल शर्मा, बलबीर छापोला, मनीष घुमरिया सहित अनेक लोग मौजूद थे। संचालन मनीष ने किया।

# मजदूरो से भरी पीकअप अनियंत्रित होकर पलटी, हादसे में छह मजदूर घायल

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के टीलावाली के पास शनिवार सुबह मजदूरों से भरी एक पीकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान हादसे में पीकअप में सवार छह मजदूर घायल हो गए। हादसे में घायल पांच जनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बसंत विहार व खरखड़ा के रहने वाले सभी मजदूर सुबह करीब आठ बजे पीकअप गाड़ी में सवार होकर मजदूरी करने के लिए बसई में कंस्ट्रक्शन साइट पर जा रहे थे। पीकअप गाड़ी जब टीलावाली के पास पंहुची तो अचानक गाड़ी का



संतुलन बिगड़ गया तो गाड़ी सड़क पर ही पलट गई। इस दौरान हादसे में बसंत विहार निवासी रामूसिंह, अजय, खरखड़ा निवासी सुरेश, विक्रम, राजेंद्र, कान्हाराम घायल हो गए। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट अजीत सिंह निर्वाण, सतीश मान व ईएमटी कुलदीप महरिया मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायलों को उपचार के लिए खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल विक्रम व अजय की हालत नाजुक होने पर जयपुर तथा रामू सिंह, सुरेश व राजेंद्र को झुंझुनू रैफर कर दिया। वहीं एक जने का अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। हादसे की सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल में पंहुचे। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। सड़क पर पीकअप पलट जाने से खरखड़ा से चंवरा जाने वाली सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। जिस पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाड़ी को साइड में करवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया गया।

डॉ हर्ष सौभरी ने बताया कि हादसे में पांच लोग गंभीर घायल हैं उन्हें उपचार के लिए झुंझुनू व जयपुर भेजा गया है। एक घायल का डाक्टरों की टीम उपचार कर रही है, जिसको चोटें कम है।

## धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** प्रमुख समाज सुधारक एवं शिक्षा के क्रांति दूत महात्मा ज्योतिबा फुले 199 वी जयंती पर जोधपुरा में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता भवानी सिंह शेखावत ने की। विशिष्ट अतिथि रीछपाल सैनी, अमरचंद गुर्जर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फूले के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रुप मे आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा ने विचार प्रकट करते हुए कहा की हमे सकारात्मक सोच से हमे समाज मे अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को उजाले की ओर ले जा सकती है व अंधविश्वास मुक्त समाज की स्थापना, वैज्ञानिक सोच को बढावा देने के लिए आव्हान किया। पिछडा, दलित, आदिवासी समाज के बच्चे आज भी संसाधनों के अभाव मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होने बालिका शिक्षा पर प्रभाव डालते हुए कहा की देश के विकास व अंध विश्वास मुक्त समाज की स्थापना के लिए देश आधी आबादी का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है वर्ना देश वांछित प्रगति के आयाम स्थापित नहीं कर पाएगा। ज्योति गुर्जर ने सम्बोधित करते महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। गुमान सिंह गुर्जर ने आगन्तुक महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा की महात्मा जी के जीवन को आदर्श मानते हुए हमें समाज मे आचरण करना चाहिए। इस अवसर पर रीछपाल सैनी, मुकेश सैनी, प्रकाश सैनी, विजेंद्र सैनी, पप्पू राम सैनी, अमरचंद गुर्जर, उप सरपंच शीशपाल, नेमीचंद बाल्मीकि, भूपेन्द्र मीणा, शैतान गुर्जर, गुमान सिंह गुर्जर, विक्रम सैनी, छोटूराम सैनी, रुप चंद सैनी, पूजा मीना, मनीषा सैन, नविन्दा वर्मा, सुरेन्द्र गुर्जर, आदित्य सैनी, वेदप्रकाश, रोहित मीणा, भूपेंद्र सहित सैकडों की संख्या मे महानुभाव उपस्थित रहे।

# धरना देकर लड़ेंगे व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई : किसान सभा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सालासर धाम में बाउंसर्स द्वारा श्रद्धालुओं के साथ की गई मारपीट के विरोध में सालासर धाम में 13 अप्रैल को प्रस्तावित धरने प्रदर्शन को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उपखंड मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए जिला सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने कहा कि जिस प्रकार से सालासर में अमीरों की खुशामदी और वीआईपी दर्शन का कल्चर विकसित हुआ है वह आम गरीब श्रद्धालुओं के लिए घातक है। किसान सभा व्यवस्था परिवर्तन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी क्योंकि कब तक गरीब मार खायेगा और माफी मांगेगा। इसलिए हमारी अपील है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु सालासर में होने वाले धरने में भाग लें। एसएफआई के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी ने कहा कि 5 अप्रैल को सालासर मंदिर में जो घटना श्रद्धालुओ के साथ हुई थी, उसके खिलाफ सामाजिक संगठन उतरे हैं, इसलिए आम व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए ताकि अव्यवस्था को सुधारा जा सके। एडवोकेट




रामकुमार मेघवाल ने कहा कि सालासर के पास धर्मशालाओं और होटलो के मायाजाल बन गए हैं लेकिन गरीब के लिए कोई सुविधा नहीं है। गरीबों को धक्के दिए जाने की घटनाएं पहले भी सामने आई हैं।

किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने कहा कि बालाजी धाम में आए चढ़ावे के पैसे से विलासिता की जिन्दगी कुछ लोग जी रहे हैं जबकि पैसा आम जनता का है, जो सरकार में जाना चाहिए।

इसलिए मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेने की हमारी मुख्य मांग है। एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने कहा कि बालाजी महाराज में हमारी गहरी आस्था है इसलिए हम लोगों ने व्यवस्था परिवर्तन की बीड़ा उठाया है, ताकि आम जन को सालाधर धाम में जाने पर अपमान का सामना नहीं करना पड़े क्योंकि अब तक दोषियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया ने कहा कि सालासर में घुसते ही स्टेडियम गंदगी से भरा पड़ा है। पोस्ट ऑफिस तक पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया लेकिन प्रशासन इस प्रकार के लोगों पर कार्यवाही नहीं कर रहा है, इसलिए व्यवस्था परिवर्तन की इस लड़ाई में आम लोगो को साथ में आना चाहिए।

## ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रविवार, 12 अप्रैल को जिला व ब्लॉक स्तर पर महाविद्यालयों व आवासीय विद्यालयों में संविधान को जाने विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह ने बताया कि संविधान को जाने विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। आमजन क्विज पोर्टल पर विजिट कर भागीदारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 13 अप्रैल को स्वच्छता व सामाजिक समरसता कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय दर्शन एवं जीवन पर आधारित संगोष्ठी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन वृत्त पर व्याख्यान तथा छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर आधारित चलचित्र प्रदर्शन व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और विद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर/संविधान विषय पर निबंध लेखन, भाषण एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सम्पादकीय

# जासूसी का जाल, साजिश रचने में लगा आईएसआई



दिल्ली पुलिस की ओर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े संदिग्ध आतंकियों के एक और गुट का भंडाफोड़ यही बताता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर साजिश रचने में लगा हुआ है और उसने भारत के संवेदनशील ठिकानों की जासूसी के लिए एक बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया है।

चिंता की बात केवल यह नहीं कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले संदिग्ध आतंकी उसे महत्वपूर्ण स्थलों के लाइव फुटेज भेज रहे, बल्कि यह भी है कि वे ऐसे ठिकानों की भी जानकारी प्रेषित कर रहे, जहां आतंकी हमले किए जा सकें। इसका मतलब है कि आपरेशन सिंदूर में पस्त होने से बौखलाया पाकिस्तान भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हर संभव तरीके से हाथ-पांव मार रहा है। एक ओर वह अमेरिका की चापलूसी करके अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने की चेष्टा के साथ खुद को शांति दूत के रूप में पेश कर रहा है और दूसरी ओर आतंक को पालने-पोसने से बाज नहीं आ रहा है। वह जैसी खतरनाक भारत विरोधी हरकतों में लिप्त है, उनसे यही पता चलता है कि वह पहले की ही तरह जिहादियों को तैयार करने में लगा हुआ है।

भारत को पाकिस्तान को चेताने के साथ ही उसके शैतानी चेहरे को बेनकाब करने के लिए नए सिरे से सक्रियता दिखानी होगी, क्योंकि उसके यहां का आतंकी ढांचा जस का तस है। वहां किस प्रकार पहले की ही तरह जिहादी तैयार हो रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण हाल में कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकी की गिरफ्तारी है। इसके अलावा गत दिनों एक पाकिस्तानी इस्लामिक स्टेट से प्रेरित होकर न्यूयार्क के एक यहूदी केंद्र पर आतंकी हमले की साजिश में पकड़ा गया।

इस पर अमेरिका के साथ पश्चिम के अन्य देशों को भी गौर करना होगा, क्योंकि यह पहला ऐसा मामला नहीं, जब कोई पाकिस्तानी आतंकी विदेश में किसी आतंकी हमले की साजिश में लिप्त पाया गया हो। दुनिया को समझना होगा कि पाकिस्तान अब भी आतंक का निर्यात करने में लगा हुआ है। वह भारत के साथ अफगानिस्तान को भी अस्थिर करने की ताक में है। हमारे नीति-नियंताओं को इससे चिंतित होना चाहिए कि पाकिस्तान को अपने लिए जासूसी करने यानी भारत से गद्दारी करने वाले तत्व इतनी आसानी से कैसे मिल जा रहे हैं।

इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि वे या तो जिहादी बनने के उन्माद से ग्रस्त होकर पाकिस्तान के हाथों में खेल रहे हैं या फिर पैसों के लालच में देश के दुश्मन बन जा रहे हैं। यह गंभीर बात है कि पिछले एक अर्से से ऐसे तत्व बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से पकड़े गए हैं, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे और उनके लिए भारत में आतंक फैलाने के लिए काम कर रहे थे। साफ है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों को और अधिक चौकसी बरतनी होगी।

## विशेष आलेख

# आसान नहीं होता युद्ध खत्म करना



वियतनाम युद्ध में हुई किरकिरी से सबक लेते हुए जब अमेरिकी सेनाएं 1991 के खाड़ी युद्ध में उतरीं तो उन्होंने थल, नभ एवं जल सेना के ऐसे अभूतपूर्व समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया कि चंद दिनों में ही युद्ध का निर्णायक फैसला हो गया। आपरेशन डेजर्ट स्टार्म नाम से चला वह अभियान अमेरिका की बड़ी सैन्य सफलताओं में से एक माना जाता है।

हालांकि उसके कुछ साल बाद ही अफगानिस्तान में अमेरिका का आतंक विरोधी अभियान इतना लंबा खिंचा कि उसे कभी न समाप्त होने वाले 'अंतहीन युद्ध' की संज्ञा मिलने लगी। अमेरिकी सेना के सबसे लंबे अभियान के रूप में दर्ज हुए इस अभियान के विषय में यह भी कहा जा सकता है कि अमेरिका को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, क्योंकि तालिबान फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गए।

इसी तरह रूस ने भी यूक्रेन पर इसी धारणा के साथ हमला किया कि कुछ ही दिनों में वह हथियार डाल देगा, लेकिन वह लड़ाई अभी तक जारी है। अक्टूबर 2023 में जब हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा को निशाना बनाया तो यही माना गया था कि थोड़े समय में ही यह लड़ाई थम जाएगी, मगर उस लड़ाई का दायरा बढ़कर लेबनान, सीरिया और यमन तक विस्तारित होता गया। हालांकि जनवरी में वहां एक युद्धविराम की स्थिति तो बनी, लेकिन वहां भीषण मानवीय आपदा की स्थिति को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

ईरान युद्ध का उदाहरण लें तो उसकी शुरुआत भी संभवत: इसी विचार के साथ हुई हो कि जल्द ही इसका परिणाम सामने आ जाएगा। शुरुआती दौर में ही शीर्ष नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या इसी धारणा के अनुरूप थी कि इससे शासन परिवर्तन में आसानी होगी। हालांकि खामेनेई की मौत ने शासन परिवर्तन के बजाय ईरानियों को और एकजुट करने का ही काम किया।

शासन पर पहले जो दबाव महसूस हो रहा था, वह भी छिन्न-भिन्न हो गया। फिर लड़ाई लंबे दौर में दाखिल हो गई और पूरी दुनिया उसकी तपिश महसूस करने लगी। इतिहास पर दृष्टि डालें तो यूरोपीय सैन्य नेतृत्व ने 1914 की गर्मियों में यह सोचकर युद्ध छेड़ा कि क्रिसमस तक लड़ाई थम जाएगी, मगर हुआ इसका उलटा और यह जंग नवंबर 1918 तक जारी रही।

जर्मनी ने बख्तरबंद सेना और वायुसेना के घातक उपयोग वाली ब्लिट्जक्रेग यानी बिजली की चपलता वाली रणनीति के जरिये 1940 में पश्चिमी यूरोप के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, लेकिन यह शुरुआती सफलता भी अंतत: उसे जीत नहीं दिला पाई। सोवियत संघ के साथ जर्मनी 1941 में ऐसे विध्वंसक एवं अंतहीन युद्ध में उलझा, जिसमें दोनों खेमों को ही भारी क्षति पहुंची, लेकिन इसका परिणाम जर्मनी के विभाजन के रूप में निकला।

देखा जाए तो दोनों विश्व युद्धों में जीत की कुंजी वास्तविक सैन्य शक्ति से अधिक धैर्य और लंबे समय तक संघर्ष में टिके रहने की क्षमता में निहित थी। इसी क्रम में कोरियाई युद्ध तीन वर्षों से अधिक समय तक चला और अमेरिकी सैनिक वियतनाम में एक दशक से भी अधिक समय तक तैनात रहे। हालांकि इस सबका यह अर्थ नहीं कि आधुनिक सशस्त्र संघर्षों का निर्णय तत्काल नहीं हो पाता।

जून 1967 में इजरायल ने एक सप्ताह के भीतर ही अरब देशों के गठबंधन को धूल चटा दी थी। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए हुए 1971 के युद्ध में भी भारत ने मात्र 13 दिनों की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। गत वर्ष आपरेशन सिंदूर में भारत की करीब 88 घंटों की जोरदार कार्रवाई के बाद ही पाकिस्तान संघर्षविराम की गुहार लगाने लगा था।

सैन्य रणनीतियों में संक्षिप्त स्वरूप में तीव्र प्रहार और एकाएक किए हमलों के जरिये जीत की अपनी महत्ता रही है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो सेनाएं इस भरोसे के साथ रणभूमि में उतरीं, उन्हें यह अनुभूति भी हुई कि किसी भी युद्ध को अपेक्षित समय में संतोषजनक परिणामों के साथ समाप्त करना कितनी टेढ़ी खीर साबित हुआ।

संक्षिप्त युद्ध की रणनीति मुख्य रूप से प्रतिद्वंद्वी को एकाएक हमले से चौंकाने पर टिकी होती है। इसमें पूरी ताकत से ऐसे हमलों पर जोर होता है कि दुश्मन को संभलने का कोई मौका ही न मिले और उस पर निर्णायक बढ़त बनाई जाए। यह भी स्मरण रखना होगा कि छोटे युद्ध उन संसाधनों के दम पर लड़े जाते हैं जो उस समय उपलब्ध होते हैं, लेकिन लंबे खिंचने वाले युद्धों के लिए उन क्षमताओं को विकसित करना पड़ता है, जो निरंतर बदलती युद्ध स्थितियों के अनुरूप उपयोगी साबित हो सकें।

संक्षिप्त युद्ध अर्थव्यवस्था और समाज के लिए अस्थायी व्यवधान पैदा करते हैं और इनमें व्यापक आपूर्ति श्रृंखला की भी खास दरकार नहीं होती। जबकि लंबे खिंचने वाले युद्धों में ऐसी रणनीतियां आवश्यक हो जाती हैं, जो जनता का मनोबल और समर्थन बनाए रख सकें। ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का सामना एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हुआ, जो न केवल उसके हमलों को झेल रहा था, बल्कि उनका तत्परता से जवाब भी दे रहा था। इस दौरान ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करके उसे एक आर्थिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। तमाम युद्धों की तरह ईरान युद्ध भी इसी पहलू को रेखांकित करने वाला साबित हुआ है कि अधिकांश युद्धों की शुरुआत इस धारणा से होती है कि वे संक्षिप्त होंगे, पर इससे कहीं अधिक कठिन निर्णय यह होता है कि लड़ाई को कब और कैसे समाप्त किया जाए।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### वृष
भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। यात्रा आज नहीं करें।

### मिथुन
फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। आपकी बुद्धिमता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### कर्क
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। परिवार की मदद मिलेगी।

### सिंह
रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। आय से व्यय अधिक होंगे।

### कन्या
जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

### तुला
पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### वृश्चिक
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु
पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### मकर
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

### कुंभ
स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है।

### मीन
कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# डेंगू के मरीज अपनी डाइट में जरूर शामिल करें यह चीजें, तेजी से होंगे रिकवर

इस समय डेंगू का बुखार काफी तेजी से फैल रहा है। पिछले कुछ समय से डेंगू के मामलों में देशभर में बड़ी तेजी देखने को मिली है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू का बुखार फैलता है। इस बुखार में मरीज की प्लेटलेट्स काफी तेजी से गिरने लगती हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सामान्यता डेढ़ लाख से चार लाख तक प्लेटलेट्स काउंट होनी चाहिए। क्योंकि डेंगू के बुखार में जब प्लेटलेट्स 50 हजार के नीचे चली जाए तो मरीज की जान पर खतरा बन आता है। इसलिए डेंगू के मरीज को अपनी डाइट का विशेष ख्याल रखना चाहिए। ताकि वह तेजी से रिकवर कर सकते हैं।



### हरी पत्तेदार सब्जियां
बता दें कि डेंगू के बुखार में मरीज काफी ज्यादा कमजोर हो जाता है। इसलिए उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। आप हरी सब्जियों के अलावा सब्जियों का सूप, सलाद आदि भी ले सकते हैं।

### पानी
डेंगू के मरीज को ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। इसलिए शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आप फलों का जूस आदि भी ले सकते हैं।

### दलिया
आपको बता दें कि दलिया पोषण से भरपूर होती है। ऐसे में डेंगू के मरीज को पौष्टिक दलिया जरूर दें। इसमें आप हरी सब्जियों को भी डाल सकते हैं।

### खिचड़ी
भारत में खिचड़ी को खूब पसंद किया जाता है। वहीं डॉक्टर भी पेशेंट को खिचड़ी खाने की सलाह देते हैं। ऐसे में डेंगू के मरीज को आप खिचड़ी बनाकर दे सकते हैं।

### बकरी का दूध
डेंगू के बुखार में प्लेटलेट्स काफी ज्यादा घट जाती है। प्लेटलेट्स काउंट बढ़ाने के लिए बकरी का दूध काफी अच्छा माना जाता है। इसलिए मरीज को बकरी के दूध का सेवन करना चाहिए। इससे मरीज जल्दी रिकवर कर सकता है।

### लहसुन
सेहत के लिए लहसुन को बेहद ही फायदेमंद माना जाता है। डेंगू के मरीजों के खाने लहसुन का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे संक्रमण से बचने में सहायता मिलती है।

# हाथ-पैर क्यों कांपते हैं? इसके कारण और बचाव के उपाय

आमतौर पर हाथ-पांव कांपने को हम कोई गंभीर समस्या नहीं मानते है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी हाथ-पांव के कांपने की स्थिति का अनुभव जरूर हुआ होगा। ऐसा कभी डर की वजह से होता है, तो कभी साइकोलॉजिकल फैक्टर जिम्मेदार हो सकता है। लेकिन, कभी-कभी हाथ-पांव कांपना किसी बीमारी के चलते भी होता है। इसलिए, अगर लंबे समय तक आपको हाथ-पांव कांपने की समस्या हो, तो नजरंदाज करना सही नहीं है।



### नींद की कमी
अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक पर्याप्त नींद नहीं लेता है, तो उसे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर सिरदर्द, थकान जैसी सामान्य समसयाएं देखने को मिलती हैं। वहीं, अगर कोई बहुत लंबे समय तक अच्छी नींद नहीं ले रहा है, तो एक समय बाद उसके हाथ-पांव कांपने लगते हैं। दरअसल, जब आप अच्छी नींद नहीं लेते हैं, तो इस वजह से न्यूरोलॉजिकल रिफ्लेक्सेस ट्रिगर हो सकती है। इस वजह से कुछ कामकाज करते वक्त हाथ-पांव कांप सकते हैं।

### लो ब्लड प्रेशर होना
शरीर की नसें और मसल्स, ब्लड शुगर की वजह से सही तरह से काम कर पाती हैं। जब किसी वजह से ब्लड शुगर का स्तर गिर जाता है, तो हाथ-पांव में कंपकंपी होने लगती है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि बीपी को कंट्रोल में रखा जाए। इसके लिए, शराब से दूर रहना, स्मोकिंग न करना और डाइट का सही ध्यान रखा जाना चाहिए। अगर इसके बावजूद, हाथ-पांव की कंपकंपी बंद न हो, तो बेहतर है कि डॉक्टर से संपर्क करें।

### ओवरएक्टिव थायराइड का होना
शायद आपको यह जानकर हैरानी हो, ओवरएक्टिव थायराइड की वजह से भी हाथ-पांव कांप सकते हैं। इसका मतलब है कि थायराइड ग्लैंड शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए काफी मेहनत कर रही है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है। ओवरएक्टिव थायराइड में अक्सर लोगों का बिना वजह वजन घटने लगता है और नींद लेने में भी परेशानी आती है। आपका थायराइड ओवरएक्टिव है, यह जानने के लिए ब्लड टेस्ट करवाया जाता है।

### एसेंशियल ट्रेमर
यह एक खतरनाक किस्म की सिचुएशन है। एसेंशियल ट्रेमर होने पर व्यक्ति कप, गिलास या चश्मा जैसी छोटी-छोटी चीजें उठाने में भी समस्या महसूस करता है। सामान उठाते या पकड़ते वक्त मरीज के हाथ कांप सकते हैं। अगर इसका स्तर सीमित रहे, तब तो कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, अगर हाथ कांपने की वजह से रोजमर्रा के टास्क पूरे करने में मुश्किलें आने लगें, तो मरीज को बिना देर किए डॉक्टर के पास जाना चाहिए। हालांकि, इस बीमारी का मुख्य कारण क्या है, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। विशेषज्ञों का मानना है कि जींस में कुछ बदलाव होने के कारण एसेंशियल ट्रेमर हो सकता है। इस बीमारी से निपटने के लिए डॉक्टर आपको दवाईया या ऑक्यूपेशनल थेरेपी दे सकते हैं। कुछ मामलों में सर्जरी भी की जाती है।

# महिलाओं में कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं लाइफस्टाइल से जुड़े यह बदलाव

आज के समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह के काम करती है। जिस कारण कई बार महिलाओं को तनाव होने के साथ वह शरीर को नजरअंदाज करती रहती है। आज के समय में कैंसर काफी तेजी से फैल रहा है। महिलाएं भी इससे अछूती नहीं है। महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए हेल्दी डाइट, नियमित डॉक्टर से जांच के साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी फॉलो करना चाहिए, जिससे कैंसर का रिस्क कम हो सकें। स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर दो सबसे आम प्रकार के कैंसर हैं जो महिलाओं को अधिक प्रभावित करते हैं। जीवनशैली में साधारण बदलाव, संतुलित आहार, और तंबाकू और अत्यधिक शराब के सेवन से परहेज, कैंसर के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।

**स्वस्थ वजन :** महिलाओं में कैंसर के रिस्क को कम करने के लिए स्वस्थ वजन बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। अधिक वजन या मोटापा होने से स्तन, डिम्बग्रंथि और गर्भाशय कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

**नियमित व्यायाम करें :** महिलाओं को शरीर को हेल्दी और कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर व्यायाम करना आवश्यक होता है। नियमित व्यायाम स्तन और पेट के कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है। व्यायाम में जॉगिंग या अपनी मनपसंद एक्टिविटी को इसमें शामिल कर सकते हैं।



**स्वस्थ आहार का सेवन :** कैंसर से बचाव के लिए डाइट में हेल्दी फूड्स को अवश्य शामिल करें। डाइट में फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन से भरपूर फूड्स को शामिल करें। यह फूड्स कैंसर के खतरे को कम करने के साथ शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। डाइट में लाल मांस, शर्करायुक्त खाद्य पदार्थ और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट का सेवन सीमित कम मात्रा में करना चाहिए।

**नियमित जांच करवाएं :** महिलाएं कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर शरीर की जांच करवाती रहे। मैमोग्राम और पैप परीक्षण, कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकते हैं। 3 से 6 महीने में जाकर डॉक्टर से शरीर की जांच अवश्य कराएं। किसी तरह के लक्षण महसूस होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**धूम्रपान छोड़ें :** महिलाएं कैंसर के खतरे को कम करने के लिए धूम्रपान करने से बचें। धूम्रपान ग्रीवा और मूत्राशय के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। धूम्रपान करने से कैंसर सहित कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। सिगरेट से निकलने वाला धुआं शरीर को कई तरीकों से प्रभावित करता हैं।

# गौ रक्षा के लिए हुंकार

## संतों ने गौ माता आह्वान अभियान के जरिए जगाई अलख



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** समाज में गौ माता के प्रति जागरूकता लाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गौ माता आह्वान अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों ने उपस्थिति दर्ज कराई और गौ संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होने का संदेश दिया।

### भक्तिमय प्रस्तुति से हुआ आह्वान

कार्यक्रम के दौरान मंच पर संतों ने अपनी ओजस्वी वाणी और भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। संतों ने भक्तिमय गीत के माध्यम से सवाल किया कि जब गाय नहीं होगी, तो गोपाल कहाँ होंगे। इस पंक्ति ने उपस्थित लोगों को गौ माता के महत्व पर गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंहत योगी दास महाराज, मंहत चन्द्रमा दास महाराज, सूरजनाथ महाराज और ब्रह्मकुमारी संस्था से बीके बहन स्नेहा जैसे संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। संतों ने अपने संबोधन में कहा कि गौ माता केवल एक पशु नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था का केंद्र हैं। उनकी सेवा और रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है।

# डोडा चूरा तस्कर को ट्रक सहित दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत मनोहरपुर थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.860 किलोग्राम डोडा चूरा और तस्करी में प्रयुक्त एक बंद बॉडी ट्रक जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल 2026 तक ऑपरेशन एंटी वेनम चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ड्रग्स तस्करों, सप्लायरों और उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह और वृत्ताधिकारी शाहपुरा मुकेश चौधरी के सुपरविजन में तथा मनोहरपुर थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

### नाकाबंदी में पकड़ा गया ट्रक

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मनोहरपुर टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध अशोक लेलैंड बंद बॉडी ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर चालक सीट के ऊपर बने डैशबोर्ड बॉक्स में रखी पांच सफेद प्लास्टिक थैलियों में डोडा चूरा पाउडर बरामद हुआ। पुलिस द्वारा वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जब्त डोडा चूरा का कुल वजन 4.860 किलोग्राम पाया गया।

### तस्कर गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

मामले में आरोपी 45 वर्षीय मक्खन सिंह पुत्र गुरबक्स सिंह, निवासी करणपुर, थाना पिंजौर, जिला पंचकुला हरियाणा को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पूछताछ में खुलेंगे बड़े राज

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाता था और किन स्थानों पर सप्लाई करता था। पुलिस को आशंका है कि इस कार्रवाई से नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बंद बॉडी ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

# 19 मई को मनाया जाएगा एब्डॉमिनल कैंसर डे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण पेट से जुड़े कैंसर एब्डॉमिनल कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनती जा रही है। इसी को देखते हुए डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व में एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा, फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर के सहयोग से 19 मई को एब्डॉमिनल कैंसर डे मनाया जाएगा। डॉ. संदीप जैन ने बताया कि इस वर्ष की थीम फाइट कैंसर विद अवेयरनेस रखी गई है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत कोलन, लिवर, पैंक्रियाटिक, गैस्ट्रिक, गॉल ब्लैडर, एपेंडिक्स और इसोफेजियल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत 17 मई को देश के 10 शहरों में वॉकथॉन और 19 मई को साइंटिफिक प्रोग्राम आयोजित होंगे, जिनमें विशेषज्ञ डॉक्टर शुरुआती लक्षण, जांच और आधुनिक उपचार पर जानकारी देंगे। आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर जागरूकता फैलाएं और नियमित जांच व स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर के खतरे को कम करें।

# विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 अप्रैल को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समाज के विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा मित्र मंडल एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल, रविवार को प्रात: 11 से 12:30 बजे तक प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर चयनित केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है तथा जिले वार कमेटीयों का गठन किया जाकर जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर समाज के विद्यार्थियों में बेहद उत्साह नजर आ रहा है और अब तक हजारों की तादाद में रजिस्ट्रेशन हुए है। परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 3 अप्रैल है। परीक्षा के झुंझुनू जिला प्रभारी नागरमल जाँगिड़ ने बताया की प्रदेश संयोजक डॉ. दिनेश जांगिड़ सारंग आईआरएस के विशेष प्रयासों से समाज के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को दो वर्गों में किया जाएगा। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है।

# यूथ कांग्रेस चुनाव : प्रदेश महासचिव पद के दावेदार कुमावत ने किया जनसंपर्क

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** देशभर में भारतीय युवा कांग्रेस (यूथ कांग्रेस) के संगठनात्मक चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। युवाओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं अलग-अलग पदों के लिए दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इन चुनाव के चलते प्रदेश महासचिव के पद हेतु आकाश कुमावत ने रींगस के युवाओं से संपर्क किया जहां युवा वार्ड पार्षद अमित कुमावत, एस के कालेज सीकर के पूर्व महासचिव नरेंद्र कुमावत ने भैरूजी मोड पर आकाश कुमावत का साफा और श्याम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं रींगस क्षेत्र के अनेक युवाओं से संपर्क करवाया। इस अवसर पर विकास ढाका, ओम प्रकाश वर्मा, नितेश धानका, राकेश बगड़िया, करण धायल, सुरेंद्र रूलानिया, घनश्याम कुमावत, देशराज जितरवाल, सुरेश शेषमा सहित अनेक युवा कांग्रेस सदस्य उपस्थित रहे। इन चुनावों के तहत ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है। संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अहम मानी जा रही है। चुनाव प्रक्रिया में डिजिटल वोटिंग और सदस्यता अभियान को भी खास महत्व दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जा सके। उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यूथ कांग्रेस के ये चुनाव भविष्य की राजनीति के लिए नई नेतृत्व क्षमता तैयार करेंगे। संगठन के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के जरिए मजबूत नेतृत्व सामने आएगा जो आने वाले समय में पार्टी की दिशा तय करेगा।

# सातवीं जूनियर बॉक्सिंग नेशनल चैम्पियनशिप में दायमा ने जीता स्वर्ण पदक

निसं




**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित सातवीं जूनियर बॉक्सिंग नेशनल चैम्पियनशिप में खेतड़ी उपखंड के नांगलिया गुजरवास गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदीप दायमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग 15 वर्ष में स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नांगलिया गुजरवास सरपंच प्रकाश अवाना ने बताया कि गांव के कमलेश दायमा के पुत्र प्रदीप दायमा ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि नागपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदीप ने उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अब प्रदीप आगामी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि प्रदीप के 14 अप्रैल को गांव लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया जाएगा। प्रदीप की इस उपलब्धि पर दादा मातादीन कोली, मूलचंद, श्योचंद मणकस, भवानी कोली, कैप्टन जगदीश, दाताराम कसाणा, गोपीराम कसाणा, संतलाल सिराधना सहित अनेक ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लगातार चौथे दिन बाटे पीले चावल



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** वीर योद्धा ले. जनरल सगत सिंह की प्रतिमा अनावरण व राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन को लेकर हो रहे 22 अप्रेल चूरू में दोहरे भव्य आयोजन के लिए निमत्रण पत्र बांटे। इस मौके पर भागीरथ सिंह ने कहा की ले. जनरल साहब एक साहसी योद्धा व कुशल रणनीतिकार थे। सेना मे दी गई उन की सेवा बेमिसाल थी। पवन सिंह कुसुमदेसर ने उन के जीवन पर और सैनय इतिहास पर प्रकास डाला। यात्रा हुडेरा नोसरिया सिकराली भानुदा ढाणी बाढ़ा पाबुसर हसासर छोड़डिया मेलुसर मालासर गोगासर आदि गांवो में रही। इस मोके पर इस मोके पर नंदकिशोर भार्गव, सम्पत नायक लूंछ सरपंच, देवेंद्र सिंह सरपंच नोसरिया, करणी सिंह राजियासर, पर्वत सिंह लधासर करणीसिंह बंडवा गिरवरसिंह व भगवादास आदि उपस्थिति रहे।

# कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित रूप से किताबें और अखबार पढ़ें : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में चल रहे पुस्तक संवाद नवाचार के क्रम में जिला कलक्टर आवास पर बोर्ड परीक्षाओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान व संवाद कार्यक्रम शनिवार को जिला कलक्टर आवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एमए सीडीईओ संतोष महर्षि, एडीपीसी सरिता आत्रेय, डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया, ओमप्रकाश फगेड़िया सहित अधिकारियों ने 10 वीं व 12 वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों से संवाद किया और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित रूप से किताबें और अखबार पढ़ें। इसी के साथ लक्ष्य के अनुकूल तैयारी हो। अपनी योग्यता और जुनून से भविष्य की रूपरेखा तैयार करें और नियमित रूप से लक्ष्य पथ पर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि अपनी असफलताओं में कमियों की पहचान कर दूर करने का प्रयास करें। आगे बढ़ने के लिए स्पष्टता आवश्यक है तथा नियमित विचार व तुलनात्मक विश्लेषण के साथ श्रेष्ठ लक्ष्य का चयन करें। इसी के साथ सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहें। इस दौरान एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि सही रास्ता चुनें और सही रास्ते पर ही चलें। शुरुआत से ही अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता और लगन से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बड़ा सोचें और अपने सपने को साकार करने के लिए नियमित अध्ययन करें। अपने क्षेत्र ने श्रेष्ठता अर्जित करें और काबिल बनकर समाज को वापस देने का भाव रखें। जिला कलक्टर सुराणा और एसपी निश्चय प्रसाद ने विद्यार्थियों से कैरियर आकांक्षाओं से जुड़े सवाल किए और मार्गदर्शन दिया तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट की। बच्चों ने अतिथियों से विभिन्न राजकीय सेवाओं, व्यापार और स्वरोजगार से जुड़े सवाल किए और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। उपस्थित अधिकारियों ने कैरियर संभावनाओं और विकल्पों की जानकारी दी। इस दौरान कमल शर्मा, जनार्दन, भवानी, दीपक शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

# फुले के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें : खर्रा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सामाजिक समरसता एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 11 अप्रैल, 2026 को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में सीकर के पिपराली रोड़ स्थित सी.एम. मैरिज गार्डन में सैनी जागृति संस्था, सीकर द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि सदैव केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम में सीकर सांसद अमराराम ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने शोषित वर्गों के उत्थान के लिए व्यापक कार्य किए तथा नारी शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी ने महात्मा फूले के योगदान को सदैव स्मरण रखने तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन, उनके समाज सुधार के कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से समाज में शिक्षा, समानता एवं जागरूकता का संदेश दिया गया। सैनी जागृति संस्था के अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सैनी ने फुले जी के जीवन पर प्रकाश डाला। रतनलाल सैनी ने महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राजेश सैनी ने समाज की एकता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता तेज प्रकाश सैनी, पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष मदनलाल हलवाई, निवर्तमान सभापति जीवण खां, सुनीता गिठाला, गोविंद कटारिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, पूर्व पार्षद प्रेम सैनी, भंवर लाल गार्ड, भंवर लाल सैनी, विष्णु सिंगोदिया, जगदीश दानोदिया, जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी राम कुमार चाहिल, भीम सेना के अनिल तिरदिया शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओ०पी० सैनी सचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, राधा किशन चोबदार निदेशक, महात्मा ज्योतिबा फुले करियर एकेडमी एवं किशन लाल सैनी उपाध्यक्ष, सैनी जागृति संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सैनी समाज अध्यक्ष राजकुमार दैया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीकर के विभिन्न समाजों के जिला अध्यक्ष, विभिन्न संगठनों-सैनी समाज संस्था, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, सैनी अधिकारी-कर्मचारी सेवा एवं विकास संस्था, फुले ब्रिगेड, महात्मा ज्योतिबा फुले केरियर एकेडमी-के पदाधिकारी, सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर तीन शातिर तस्कर गिरफ्तार

## 74.13 ग्राम अवैध एम.डी. बरामद

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की नशा मुक्त राजस्थान संकल्पना और अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर की सटीक सूचना पर पाली जिले के थाना सिरियारी और मारवाड़ जंक्शन पुलिस की संयुक्त टीम ने बिठोड़ा कलां में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ एमण्डीण् ड्रग बरामद किया। पुलिस अधीक्षक पाली मोनिका सेन ने बताया कि शनिवार प्रात: काल एजीटीएफजयपुर के एएसआई राकेश जाखड़ से प्राप्त तकनीकी सूचना के आधार पर थानाधिकारी सिरियारी मय जाब्ता ने ग्राम बिठोड़ा कलां थाना मारवाड़ जंक्शन में संदिग्ध शेर खां के आवासीय मकान पर घेराबंदी की। नियमानुसार तलाशी लेने पर मकान की छत पर बने कमरे से तीन युवकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा ली गई तलाशी में सोफे के नीचे से 74.13 ग्राम अवैध एम.डी. ड्रग बरामद की गई। इसके साथ ही एम.डी. तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, खाली थैलियां और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों शेर खां 25 पुत्र इब्राहीम खां निवासी बिठोड़ा कलां व राहुल मीणा 20 पुत्र सुखाराम निवासी चैलावास थाना मारवाड़ जंक्शन और अजय उर्फरवि 23 पुत्र छगनचन्द निवासी सिंचाणा थाना सिरियारी को गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-साक्ष्य एप के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने यह मादक पदार्थ लक्ष्मण वादी और मोतीसिंह राजपूत निवासी बिठोड़ा कलां से खरीदना स्वीकार किया है, जिनकी तलाश हेतु टीमें रवाना कर दी गई हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक पाली के निर्देशानुसार प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान थानाधिकारी सोजत सिटी देवेन्द्र सिंह द्वारा किया जा रहा है ताकि इस नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का खुलासा किया जा सके।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता कस्बे के सैनी समाज संस्थान में सामाजिक व शैक्षणिक क्रांति के अग्रदूत, दलितों, वंचितों व पिछड़ों के मसीहा महिला शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल कुमार सांखला ठेकेदार रहे। भामाशाह कमल कुमार सांखला व शंकर लाल मिलकपुरिया ने संपूर्ण कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग किया। भामाशाहों को माला पहनाकर, अतिथि सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परिक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सैनी समाज के बच्चों, नीट, आईआईटी, जेईई जैसी प्रतियोगी परिक्षाओं व राजकीय सेवा में चयनित होने वाले युवाओं को भी माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# कक्षा 9 की बालिकाओं को मिली साइकिल

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बुचावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9 की बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शिवभगवान पांडिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन लाल सहारण तथा सेवानिवृत्त अध्यापक गंगाधर मिश्रा रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू बाला सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025-26 के तहत कक्षा 9 की 12 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उनके विद्यालय आने-जाने को सुगम बनाना है। साइकिल वितरण प्रभारी खिराज सिंह भाकर ने भी योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और बालिकाओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप.प्राचार्य किशोर कुमार निर्बाण, जयनारायण सहारण, ओम प्रकाश, शकुंतला, अनीता शेखू, मनोज सिहाग, सुशीला सिहाग, रामेती भाकर, मंजू मेघवाल, मोहर सिंह, जतिन कुमार वर्मा, उपेन्द्र कुमार, आशीष शर्मा, स्मिता शर्मा, शीशराम, खुशी पारीक ज्योति पारीक आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई स्कूल में जिले की पहली शूटिंग रेंज का उद्घाटन

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** क्षेत्र के सुलताना कस्बे की नरेंद्र एकेडमी संस्थान का शनिवार को 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक मैनेजर सुरेंद्र सिंह थे। विशिष्ट अतिथि सुलताना पुलिस थानाधिकारी रवीन्द्र सिंह थे। अतिथियों ने विद्यालय में आधुनिक शूटिंग रेंज का उद्घाटन भी किया। समारोह में शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बाल वाटिका के नन्हें विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। विद्यालय एडमिन संजय गुरुंग ने बताया कि झुंझुनू जिले में सीबीएसई स्कूल में स्कूल स्तर पर पहली बार शूटिंग रेंज चालू की गई है। जिसमें बच्चों को शूटिंग में खेलने के लिए तैयार किया जाएगा। शूटिंग खेलने के बाद नौकरी में भी आसानी रहेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शूटिंग केवल खेल नहीं बल्कि एकाग्रता, धैर्य और अनुशासन का प्रतीक है।



# बच्चों के देर से चलने के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? कैसे सिखाएं उन्हें जल्दी चलना

बच्चे के विकास में चलना शुरू करना एक महत्वपूर्ण चरण होता है। आमतौर पर बच्चे 9 से 12 महीने में चलना शुरू कर देते हैं और कई बच्चे 15 महीने में भी चलना शुरू करते हैं। ज्यादातर बच्चे एक साल तक चलना शुरू कर देते हैं। हालांकि कई बच्चे ऐसे भी होते हैं, जो काफी देर से चलना शुरू करते हैं। कई बार ऐसी स्थिति देखकर पेरेंट्स घबरा जाते हैं लेकिन आपको घबराने की जगह इसके समाधान के बारे में सोचना चाहिए। कई बार ये भी हो सकता है कि आनुवांशिक गुणों के कारण भी बच्चे देर से चलना शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा आपको डॉक्टर से दिखाने की जरूरत तबो होती है, जब आपके बच्चे के उम्र के बच्चे चलना शुरू कर दें और आपका बच्चा उससे 2-3 महीने बाद भी नहीं चल पा रहा है। उसे खड़े होने में भी परेशानी हो रही है। इसके अलावा घुटनों के बल पर चल रहा है, तो इसके लिए आपको बहुत अधिक घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि डॉक्टर से संपर्क करने की कोशिश करें ताकि इसका उचित समाधान किया जा सके।

## मांसपेशियों का विकास न हो पाना

कई बार पोषण की कमी या मोटापा के कारण भी बच्चे की मांसपेशियों में मजबूती नहीं आ पाती है और इससे उन्हें चलने में परेशानी आ सकती है। इसके अलावा कई बार ऐसा भी हो सकता है कि बच्चे का मस्तिष्क मासंपेशियों को नियंत्रित नहीं कर पाता है। जिसकी वजह से उन्हें चलने में परेशानी हो सकती है। लेकिन इससे आपको घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि मांसपेशियों की गति को नियंत्रित करना या बच्चे को पौष्टिक आहार की मदद से आप उन्हें सक्षम बना सकते हैं। इससे उनका विकास तेजी से हो सकता है और वह जल्दी चलना शुरू कर सकते हैं।

## बच्चे के पैरों का झुका होना

कई बच्चों के पैर झुके हुए होते हैं मतलब उनके घुटने की हड्डी बाहर होती है। पैरों का बाहर की ओर झुके होने के कारण बच्चे को चलने में भी परेशानी हो सकती है। इससे बच्चा देरी से तो नहीं चलता है लेकिन उन्हें चलते समय आगे झुकने की आदत हो सकती है। हालांकि कई बार ये परेशानी 2 साल की उम्र के बाद ठीक हो सकती है। लेकिन अगर आपके बच्चे का पैर 2 साल की उम्र के बाद भी ठीक न हो पाए, तो आपको तुरंत अपने चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए ताकि इससे उन्हें चलने में परेशानी न हो।

## बच्चे के तलवे मुड़े होना

जन्म के समय बच्चे के तलवे मुड़े हुए होते हैं। तलवों को घूमावदार बनने में समय लगता है। अगर आपके बच्चे के तलवे सपाट है, तो उन्हें चलने में परेशानी हो सकती है। इस कारण से उनके टखने चलते समय मुड़े हुए दिखते हैं। हालांकि ये समस्या भी समय के साथ ठीक हो सकती है लेकिन ये दिक्कत बच्चे के बड़े होने के बाद समझ आती है। इसलिए अगर सपाट तलवों की वजह से बच्चे को अधिक परेशानी हो रही है, तो एक्सपर्ट से जरूर बात करनी चाहिए।



## घर के माहौल के कारण

कई बार घर के माहौल के कारण भी बच्चा देरी से चलना सीख पाता है। दरअसल बच्चे सभी को प्यार होते हैं। ऐसे में घर के लोग हर बात में बच्चे को गोद में उठा लेते हैं और उनके गिरने पर उन्हें तुरंत गोद में उठा लेते हैं और उन्हें सीखने का मौका नहीं देते हैं, जिसकी वजह से बच्चा चलने का कोशिश नहीं करता है और साथ ही उन्हें अगर आप चोट के डर से चलने से रोकते हैं, तो वह अंदर से मजबूत नहीं बन पाते हैं, इसलिए उन्हें वॉकर के बिना चलने दें। इससे वह चोट लगने से और मजबूत बनते हैं।

## बच्चे को चलना कैसे सिखाएं

बच्चे को चलने में अगर परेशानी हो रही है, तो आप उन्हें हाथ पकड़कर मूव करवा सकते हैं। धीरे-धीरे इस तरह से मदद करने पर वह बिना सहारा के चल पाते हैं। इसके अलावा उन्हें उनकी फेवरेट चीजें देने के लिए बुला सकते हैं। जैसे कैंडी दिखाकर आप बच्चे को बुला सकते हैं। इससे उनमें चलने का उत्साह रहता है। अगर कमजोरी के कारण बच्चा नहीं चल पा रहा है, तो आपको बच्चे की हाथ-पैर की मजबूती के लिए अच्छे से मसाज करनी चाहिए। इससे उन्हें अंदर से ताकत मिल सकती है। बच्चे को चोट लगने के डर से हमेशा गोद में उठाकर न रखें। इससे वे देरी से चलना सीखते हैं और उन्हें काफी परेशानी हो सकती है।

# शरीर में ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए खाएं ये फल, मिलेंगे ढेरों फायदे

आजकल की बदलती लाइफस्टाइल में अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। इससे न केवल आपका शरीर मजबूत रहता है बल्कि रोगों से लड़ने की ताकत भी मिलती है। साथ ही आपको अपने शरीर के ऑक्सीजन लेवल पर भी ध्यान देना चाहिए ताकि किसी प्रकार की ब्रीदिंग प्रॉब्लम न हो। कोरोना काल से लोग अपने इम्यून सिस्टम और शरीर में मौजूद ऑक्सीजन लेवल को लेकर काफी सजग हो गए हैं। लेकिन, इसके लिए आपको बहुत अधिक मेहनत करने और बहुत ज्यादा पोषक तत्वों के सेवन करने की जरूरत नहीं है बल्कि केवल कुछ फलों का सेवन करके आप अपने खून में ऑक्सीजन की मात्रा को भी बढ़ा सकते हैं। इससे आपके सभी अंगों तक ऑक्सीजन सही ढंग से पहुंचा पाता है और इससे आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

## कीवी

कीवी का स्वाद खट्टा और मीठा होता है। इसका सेवन शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम, ज़िंक, कॉपर, सेलेनियम और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं जो बॉडी में ब्लड ऑक्सीजन को बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही सभी अंगों के रखरखाव में भी मदद करता है। इसे आप स्मूद और सलाद के रूप में भी खा सकते हैं। इससे चेहरे पर भी निखार आता है।

## स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी में भी राइबोफ्लेविन, नियासिन, विटामिन बी-6, फोलेट, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम और ज़िंक जैसे पोषक तत्व होते हैं। जो शरीर में ऑक्सीजम लेवल बढ़ाने के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। साथ ही यह शरीर के फ्री रेडिकल्स से भी लड़ने में मददगार साबित हो सकते हैं। ये दोनों बेरी ब्लड में ऑक्सीजन को बढ़ाने और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मददगार साबित हो सकती है।

## ब्लूबेरी

ब्लूबेरी ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए सबसे अच्छे फलों में से एक है। इसे आप अपनी डाइट में कई तरह से शामिल कर सकते हैं। आप चाहे तो इसे साबुत खा सकते हैं या स्मूदी और शेक बनाकर पी सकते हैं। इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है। ब्लूबेरी में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम,



सोडियम, ज़िंक, विटामिन ई, सी, बी6 और थायमिन जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है जो ब्लड में ऑक्सीजन के साथ इम्यूनिटी को भी बढ़ाती है। इससे बल्ड सर्कुलेशन भी अच्छा होता है, जिससे आपकी स्किन में भी निखार आता है।

## पपीता

पपीता पेट और सेहत दोनों के लिए कई तरह से उपयोगी होता है। दरअसल सुबह के समय इसका सेवन करने से पेट की समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसमें मौजूद पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन ए, बी, सी, फाइबर और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व ब्लड में ऑक्सीजन के लेवल को बढ़ाने में तो मदद करते ही हैं। इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग करते हैं। ये सभी पोषक तत्व कई तरह से शरीर को लाभ पहुंचा सकते हैं। जिससे आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को फायदा मिलता है।

## नाशपति

नाशपाती को अपने आहार में शामिल करने से ब्लड में ऑक्सीजन लेवल को बढ़ाने में मदद मिलती है। नाशपाती में विटामिन सी, विटामिन के, पोटैशियम, प्रोटीन, फाइबर और कॉपर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो बेहद लाभकारी होते हैं। इसे आप उबालकर या शेक के रूप में भी पी सकते हैं। इससे आपकी स्किन जवां और खूबसूरत नजर आ सकती है।

# कम उम्र में स्किन पर होने लगी हैं झुर्रियां? इस्तेमाल करें ये असरदार एसेंशियल ऑयल

इन दिनों कम उम्र में ही चेहरे पर काफी ज्यादा झुर्रियां होने लगी हैं। इसका कारण स्किन की सही से देखभाल न करना हो सकता है। इसके अलावा खराब खानपान और बढ़ते प्रदूषण की वजह से भी लोगों के चेहरे पर झुर्रियां होने लगी हैं. अगर आप भी चेहरे की झुर्रियों से परेशान हैं, तो इसके लिए एसेशिंयल ऑयल का इस्तेमाल करें। एसेशियल ऑयल में कई ऐसे गुण मौजूद हैं, जो स्किन की झुर्रियों को दूर कर सकते हैं।

**रोजमेरी एसेंशियल ऑयल :** झुर्रियों की समस्या को दूर करने के लिए रोजमेरी एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह तेल रोगाणुरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है, जो स्किन को स्वस्थ रखने में आपकी मदद कर सकती है। इसके अलावा इसमें प्राकृतिक ऑक्सीडेटिव गुण पाया जाता है, जो स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाव कर सकती है।



**लेमन एसेंशियल ऑयल :** स्किन की झुर्रियों को दूर करने के लिए लेमन एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें। यह शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट है। साथ ही इसमें विटामिन सी की उच्च मात्रा होती है। लेमन एसेंशियल ऑयल एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर होता है। यह स्किन से झुर्रियों को दूर करके आपको सूर्य की किरणों से प्रोटेक्ट कर सकता है।

**कैरोट सीड ऑयल :** स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए कैरोट सीड ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह चेहरे से झुर्रियों को हटाने में प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा यह स्किन की चमक को भी बढ़ा सकता है। अगर आप झुर्रियों और फाइन-लाइंस की परेशानी को दूर करना चाहते हैं, तो कैरोट सीड ऑयल का इस्तेमाल करें।

**रोज एसेंशियल ऑयल से हटाएं झुर्रियां :** गुलाब दुनिया में सबसे लोकप्रिय फूलों में से हैं। इसकी कई प्राजतियां उपलब्ध होती हैं। यह कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है।

अगर आप स्किन से झुर्रियों को हटाना चाहते हैं, तो गुलाब से तैयार एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें। यह एंटीऑक्सीडेंट और बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। इससे झुर्रियों को दूर किया जा सकता है। साथ ही यह स्किन से लालिमा और स्ट्रेस को कम करने में आपकी मदद कर सकता है।

**झुर्रियां हटाने में असरदार है चंदन एसेंशियल ऑयल :** चंदन का तेल लंबे समय से अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है। इसका इस्तेमाल स्किन की कई समस्याओं को दूर कर सकता है। चंदन में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले इमोलिएंट्स के कारण मॉइस्चराइजिंग गुण भी होता है, जो स्किन को हाइड्रेट रखता है। इसके अलावा चंदन का तेल स्किन की कई समस्याएं जैसे-झुर्रियां, फाइन लाइंस, ड्राई स्किन इत्यादि को दूर कर सकता है।

# किस विटामिन की कमी से चेहरे पर दाग-धब्बे होते हैं?

हमारे चेहरे पर जरी सी खरोंच तक अगर आ जाती है, तो हम बेचैन हो जाता हैं और बार-बार बस शीशा ही देखते रहते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारा चेहरा हमेशा साफ और बेदाग रहे। साथ ही किसी हमेशा चमकता दमकता रहे। लेकिन इन दिनों हम में से ज्यादातर लोग त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना करते हैं। वर्तमान समय में चेहरे पर कील-मुंहासे दाग-धब्बे होना बहुत आम समस्या हो गई है। चेहरे पर एलर्जी, चकत्ते की समस्या भी बहुत आम है। त्वचा संबंधी समस्याओं का एक बड़ा कारण हमारा खानपान और जीवनशैली की आदतें हैं। इसके अलावा हम कई ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, जो केमिकल से भरे होते हैं और हमारी त्वचा को फायदे के बजाए नुकसान पहुंचाते हैं। हालांकि, कई बार त्वचा संबंधी समस्याएं कुछ मेडिकल कंडीशन का परिणाम भी हो सकती हैं।

**विटामिन सी कमी :** त्वचा को सेहतमंद रखने के लिए शरीर में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होना बहुत जरूरी है। यह घावों को भरने और त्वचा को ठीक करने में अहम भूमिका निभाता है। बहुत बार शरीर में विटामिन सी कमी होने पर लाल दाने निकलने लगते हैं, जो बाद में चेहरे पर निशान छोड़ देते हैं। इसलिए आपको ऐसे फूड्स को डाइट में शामिल



करना चाहिए जिनमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में हो। आंवला, नींबू, ब्रोकोली, आलू, शकरकंद, संतरा, पालक आदि विटामिन सी का बेहतरीन स्रोत हैं। यह आपकी त्वचा से दाग-धब्बों को साफ करने में भी मदद करते हैं।

**विटामिन बी 12 की कमी :** अक्सर लोग चेहरे पर सफेद रंग के दाग नोटिस करते हैं। यह शरीर में विटामिन बी12 का संकेत हो सकते हैं। ऐसे में आपको दूध और दूध से बनी चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए, साथ ही मछली शेलफिश, मांस, अंडा भी खाना चाहिए। क्योंकि इनमें विटामिन बी12 भरपूर मात्रा में होता है, इससे आपको जल्द सफेद दागों से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी।

**विटामिन बी 6 की कमी :** शरीर में विटामिन बी6 की कमी होने पर आप चेहरे पर सफेद रंग के धब्बे नोटिस कर सकते हैं। लेकिन यह धब्बे आपके चेहरे की सुंदरता को छीन सकते हैं। क्योंकि ये धब्बे मोटे और बड़े होते हैं जो बहु भद्दे दिखते हैं। इसलिए आपको जल्द से जल्द डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए और विटामिन बी6 से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए। फल जैसे केला और सोयाबीन, दूध, मूंगफली, मांस आदि का सेवन करने से आपको बहुत लाभ मिलेगा।

## विटामिन ए की कमी

जब शरीर में विटामिन ए की कमी हो जाती है तो इसका असर आपके चेहरे पर दिखाई देता है। चेहरे पर काले घेरे और आंखों के आसपास कालापन इसके आम लक्षण हैं। विटामिन ए की कमी को पूरा करने के लिए आपको आम, मक्खन, तरबूज, एप्रिकॉट जैसे फूड्स का सेवन करना चाहिए, क्योंकि इनमें विटामिन ए अच्छी मात्रा में मौजूद होता है।

## विटामिन के की कमी

चेहरे में कालापन बढ़ना और चेहरे की त्वचा जगह-जगह से काले पड़ने की समस्या का कारण शरीर में विटामिन के की कमी का संकेत है। आपकी त्वचा बेजान नजर आती है और त्वचा का नैचुरल ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में आपको हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन अधिक करना चाहिए। इनका सेवन करने से आपको जल्दी त्वचा का समस्या से छुटकारा मिलेगा। साथ ही फूलगोभी और पत्तागोभी में भी विटामिन के अच्छी मात्रा में मौजूद होता है।

# रोजाना हींग का सेवन करने से सेहत को मिलेंगे ये बेहतरीन फायदे

भारतीय रसोई में हींग का सेवन अब से नहीं बहुत समय से होता आ रहा है। हींग का तड़का, सब्जी और दाल का स्वाद बढ़ाता है। साथ ही पोषक तत्वों में भी वृद्धि करता है। 3 ग्राम हींग के सेवन से लगभग दैनिक जरूरत का 2% पोटैशियम, 1% कार्बोहाइड्रेट, 10% आयरन और 1% कैल्शियम की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके सेवन से बहुत सारे लाभ मिलते हैं, जैसे ब्लड प्रेशर नियंत्रित करना और सांस की नली में हो गई सूजन से राहत दिलाना आदि। इसमें एंटी वायरल, एंटी बैक्टेरियल और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण भी मौजूद हैं। इसकी डायरेटिक प्रॉपर्टी भी सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

**अस्थमा में फायदेमंद :** हींग में एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी वायरल और एंटी बायोटिक गुण पाए जाते हैं जो रेस्पोरेटरी डिसऑर्डर और बीमारियों से निजात दिलाने में सहायक हैं। अस्थमा, सूखी खांसी होना, ब्रोंकाइटिस, जैसी समस्याओं से आप हींग का सेवन करने से राहत पा सकते हैं। आपको केवल थोड़े से शहद में थोड़ी सी हींग और साथ ही सूखा अदरक का पाउडर मिलाना है और इसका सेवन करना है। नियमित ऐसा करने से आप जल्द ही श्वसन सम्बन्धी बीमारियों से राहत पा सकते हैं।

**एंटी एजिंग गुणों से भरपूर :** हींग में एंटी एजिंग गुण मौजूद होते हैं और इससे चेहरे की झुर्रियां भी कम की जा सकती है। इसका प्रयोग एक स्किन व्हाइटनिंग एजेंट के रूप में भी किया जा सकता है। हींग का सेवन करने से टायरोसाइन के उत्पादन को



कम करता है, इसे डल स्किन का मुख्य कारण माना जाता है। इससे आपकी स्किन में सुधार होता है और आप ब्राइट स्किन पाने में सक्षम हो सकते हैं। हींग को खाने की बजाए चेहरे पर भी अप्लाई किया जा सकता है।

**ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायक :** अगर आप हाइपरटेंशन के मरीज हैं तो हींग का सेवन करना आपके लिए काफी सहायक हो सकता है। हींग को एक प्राकृतिक ब्लड थिनर माना जाता है और इस प्रकार ही यह ब्लड प्रेशर लेवल को कम करने में सहायक है। हींग का सेवन करने से शरीर में ब्लड क्लॉट भी नहीं बनता।

**ब्लोटिंग समस्या से निजात :** बहुत से लोग दोपहर के खाने के साथ छाछ का सेवन करते हैं और उसमें हींग और काला नमक जरूर मिलाते हैं। इससे हींग आपके पाचन तंत्र में सुधार करती है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के श्याम सेवा सदन में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा शनिवार को समाज में समानता, शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण की अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद व प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां व विधानसभा संगठन प्रभारी रोहिताश फौजदार सहित वक्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षित और उन्नत राष्ट्र का निर्माण करने का आह्वान किया। इस मौके पर विकाश शर्मा, बद्रीप्रसाद सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, पूर्व वाइस चेयरमैन रामस्वरूप जांगिड़, संदीप शर्मा, राकेश नांदवाला, अशोक शर्मा, शर्मिला डैला, रविकांत शास्त्री, मनोहर जांगिड़, धर्मवीर चंदेलिया, कृष्ण शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, राजपाल काजला, हिमांशु गौतम, कुरड़ा राम सैनी, विनोद सैनी, मनोहर सैनी, अंकित शर्मा, विनय कुमावत, सचिन नायक, अशोक यादव, नरेंद बावरिया, दलीप खेदड़, संजय सैनी, सुशील सैनी, परमेश्वर सैनी, नंदू सैनी, दिनेश सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर निकाली वाहन रैली



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती पर लोसल कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज संस्थान के द्वारा वाहन रैली निकाली गई। कस्बे के डीडवाना रोड स्थित मालियों की ढाणी से रवाना होकर वाहन रैली मुख्य बस स्टैंड, मुख्य बाजार व ज्योति फूले सर्किल होते हुए सैनी समाज संस्थान भवन पहुंची। सामाजिक समानता और शिक्षा के संदेश के साथ निकाली वाहन रैली का कस्बे में जगह-जगह सर्व समाज के लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कस्बे सहित आसपास के गांवों से पहुंचे सैनी समाज के लोगों ने रैली में भाग लिया। ज्योतिबा फुले सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा सामाजिक समानता और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज जाति धर्म और देश के उत्थान के लिए सामाजिक समानता और शिक्षा का होना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने समाज की आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के क्षेत्र में और जागरूक करने की अपील की।

# 15 साल बाद भी नहीं मिला आशियाना, ठगे गए सपनों के खरीदार



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** घर का सपना लेकर 15 साल पहले फ्लैट बुक कराने वाले सैकड़ों आवेदक आज भी अपने आशियाने का इंतजार कर रहे हैं। समय के साथ उम्मीदें टूटती गई लेकिन फ्लैट का कब्जा आज तक नहीं मिला। हालात यह हैं कि लोग एक तरफ बैंक की किश्तें भर रहे हैं तो दूसरी ओर किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। बुगाला के प्रमोद शर्मा, शिवप्रसाद जांगिड़, घासीराम कुमावत व बड़ागांव के ओमप्रकाश भामा आदि आवेदकों ने 15 साल पहले अपनी जमा पूंजी और बैंक लोन के जरिए नगर परिषद व असांही इंस्ट्राफक्चर द्वारा मंड्रेला रोड पर आवासीय कॉलोनी में फ्लैट बुक कराए थे। बिल्डरों ने समय पर निर्माण और कब्जा देने का वादा किया था लेकिन अभी तक मकानों का कब्जा नहीं दिया। कुछ आवेदकों को कब्जा दिया गया उसमें अभी तक पानी व बिजली के कनेक्शन नहीं हुए हैं।

### बिल्डर और सिस्टम की लापरवाही

पीड़ितों का आरोप है कि बिल्डर ने पैसे लेने के बाद काम में ढिलाई बरती। वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं होने से समस्या और बढ़ती गई। फ्लैट न मिलने से उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### खरीदारों में बढ़ रहा आक्रोश

लंबे इंतजार और अनदेखी से परेशान खरीदार अब एकजुट होकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। पीड़ितों ने सरकार, उपभोक्ता मंच और संबंधित विभागों से मांग की है कि जल्द से जल्द अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करवाकर फ्लैट का कब्जा दिलाया जाए या फिर उनकी जमा राशि ब्याज सहित वापस लौटाई जाए। 15 साल का लंबा इंतजार अब खरीदारों के सब्र की परीक्षा बन चुका है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला बड़ा जनआंदोलन बन सकता है।

## फुले के दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा, सामाजिक समरसता और मानव मूल्यों को आगे बढ़ाएं : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को चूरू नगरपरिषद मुख्यालय पर सदर पुलिस थाना के सामने महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने महात्मा फुले के सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा, सामाजिक समरसता और मानव मूल्यों को आगे बढ़ाएं।

# शहर में महात्मा फुले के स्मारक की उठी मांग

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान ने फौज का मोहल्ला स्थित फुले अतिथि भवन में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई। जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी लियाकत अली थे। मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ सम्पत बारूपाल, पूर्व सरपंच सुलताना रेखा सैनी, शिक्षाविद् छगनलाल धूपिया, पार्षद प्रदीप सैनी, मनोज सैनी, विजय गौड़, संजय मोरवाल, ज्योति प्रकाश शर्मा, डॉ सुरेंद्र सैनी, पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के जिलाध्यक्ष नेकीराम धूपिया ने की। जयंती समारोह में वक्ताओं ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के सामने पुराना बस स्टैंड या फिर न्यू प्राइवेट बस स्टैंड पर सरकार से महात्मा ज्योतिबा फुले का स्मारक बनाने की अनुमति प्रदान करने की मांग उठाई। जिस पर बनवारीलाल सैनी ने मांग को जायज मानते हुए आश्वासन दिया और बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज महात्मा फुले के जीवन पर लेख लिखा है। देश में हर समुदाय के लिए शिक्षा की अलख जगाने वाले फुले युवाओं के आदर्श है। मुख्य अतिथि लियाकत अली भावुक ने कविता के माध्यम से आज के राष्ट्रवाद पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुधा पंवार, व्याख्याता दलीप सैनी, राजेन्द्र सैनी, चिंरजीलाल सैनी ज्योतीपीठ बगड़, संतोष सैनी कांग्रेस के ओबीसी जिलाध्यक्ष, बाबूलाल सैनी एईएन, पेंशनर समाज के जिला मंत्री चन्द्रप्रकाश धूपिया, सुरेन्द्र सैनी एईएन, मुकेश सैनी एक्सईएन, जयप्रकाश सैनी लेखा अधिकारी, पंकज शर्मा लेखा अधिकारी, मनोहर धुपिया, सुशील सैनी कालीपहाड़ी, प्राचार्य मुरलीधर धुपिया, सत्यनारायण हलकारा, अजय सैनी राष्ट्रीय सैनी सभा, महेंद्र सैनी गिरदावर, बाघसिंह तोमर, कृपाशंकर सैनी, नथमल गौड़, किशनलाल सैनी सुल्ताना, श्रीराम सैनी बगड़, शैलेन्द्र बबेरवाल, सुरेश सैनी, रमेश सिंगोदिया, विरेन्द्र तोमर, महावीर प्रसाद सैनी, बाबूलाल सैनी, रणधीर सैनी, राजेन्द्र प्रसाद हलकारा, मनोज सैनी योगगुरू, राधेश्याम सैनी अलसीसर, सज्जन गौड़, केहर सिंह तोमर, संदीप सैनी, सुनिल प्रधान, ओमप्रकाश सैनी बड़ागांव, मदनलाल सैनी बड़ागांव, बिहारीलाल सैनी, ताराचंद गौड़, मनोज कारोडिया, मनोज राजोरिया, एडवोकेट अनुज, जतिन धूपिया आदि उपस्थित रहे।

# 27 साल से उल्लेखनीय योगदान वाले नेता जांगिड़ का हुआ सम्मान

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत, सांस्कृतिक मंडल सीकर के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी भाईजी के नाम से विख्यात स्व. किशनलाल चौकड़ीका की 27वीं पुण्यतिथि पर रामलीला मैदान स्थित लक्ष्मी विवाह स्थल पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भाजपा नेता एवं समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि भंवरलाल जांगिड़ पिछले 27 वर्षों से लगातार कल्याण हॉस्पिटल में गरीब परिवारों की अपनी कमाई में से सेवा कर रहे हैं।

उनकी इस निस्वार्थ सेवा को देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यजनों ने उनका सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर संत अवधेश महाराज लोहार्गल सहित सभी अतिथियों एवं संतों ने भंवरलाल जांगिड़ को दुपट्टा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं निरंतर योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. किशनलाल चौकड़ीका भाईजी को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा स्थापित सांस्कृतिक मंडल के सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया।

भाईजी का जीवन समाज को सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने का कार्य करता रहा। इस अवसर पर समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भंवरलाल जांगिड़ के 27 वर्षों के समर्पण और तपस्या को सलाम किया और प्रेरणा के रूप में लेने की बात कही। यह आयोजन यह सिद्ध करता है कि निस्वार्थ समाजसेवा का सम्मान समय पर मिलता ही है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले के बलिदान को याद किया



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले संस्थान मंगलपुरा के तत्वावधान में ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में रूपाराम माली बीपीएमओ ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिह्नों का अनुसरण करने की बात कही। ताराचंद तंवर ने महात्मा ज्योतिबा फुले ने छुआछूत व नारी शिक्षा के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एडवोकेट मन्नालाल ने महात्मा ज्योतिबा फुले गुलाम गिरी पुस्तक के बारे बताया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष गिरधारी लाल सांखला, संरक्षक दुलीचंद सांखला, नवरतन सैनी, जयप्रकाश जेपी टाक, गिरधारीलाल सांखला, संपतलाल टाक, बंशीधर सुईवाल, प्रेमसुख तंवर, सागरमल भाटी, चंपालाल भाटी, बाबूलाल टाक, बाबूलाल इंदौरिया, जयप्रकाश टाक, नवरतन टाक, चंपालाल टाक, नथमल भाटी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अंजुमन व एलसीसी के बीच फ्रेंडली मैच, एलसीसी रही विजेता



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में खेल और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित अंजुमन क्रिकेट क्लब के दो दिवसीय स्नेह मिलन समारोह का शनिवार को उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। समारोह के पहले दिन लाडनूं में अंजुमन क्रिकेट क्लब और लाडनूं क्रिकेट क्लब के बीच स्थानीय गुहराय स्टेडियम में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुकाबले से पूर्व दोनों टीमों के कप्तान अब्दुल हमीद मुगल और अशोक बेद ने खिलाड़ियों के नए ड्रेसकोड का विधिवत विमोचन किया। लाडनूं की दो पुरानी टीमों को लंबे समय बाद लाडनूं की धरा पर खेलते हुए देखना आमजन के लिए रोमांचकारी रहा। दोनों ही टीमों ने खेल में अपना शानदार प्रदर्शन किया। लाडनूं क्रिकेट क्लब ने बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए अंजुमन क्रिकेट क्लब को हराकर जीत अपने नाम दर्ज की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# सैनिक एकेडमी के नए बैच कल से शुरू

## एक ही फीस में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित संस्थान सैनिक एकेडमी झुंझुनू में नए बैच सोमवार से प्रारंभ होने जा रहे हैं। 12वीं और स्नातक के बाद अपने करियर को लेकर चिंतित युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर माना जा रहा है, जहां अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में सुनियोजित और लक्ष्य आधारित तैयारी करवाई जाती है। संस्थान की निदेशिका डॉ संगीता मूंड के अनुसार, एकेडमी पिछले 24 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रही है और अब तक 17 हजार से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि एक वर्षीय फाउंडेशन बैच के जरिए विद्यार्थी एसएससी, बैंक, रेलवे और पुलिस जैसी परीक्षाओं की मजबूत तैयारी कर सकते हैं। वहीं टारगेट बैच के अंतर्गत एनडीए, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, सीटेट, रीट, शिक्षक, पटवार और एलडीसी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक ही फीस में करवाई जाती है। संस्थान में कोचिंग के साथ-साथ छात्रावास और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही कैंपस में उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग सुरक्षित हॉस्टल और प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप फिजिकल ट्रेनिंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है। एकेडमी की खास बात यह है कि चेयरमैन का निवास भी इसी परिसर में स्थित है, जिससे विद्यार्थियों को 24 घंटे मार्गदर्शन और निगरानी मिलती है। इससे अभिभावकों को भी अपने बच्चों की सुरक्षा और अनुशासित माहौल को लेकर भरोसा रहता है। संस्थान चेयरमैन डॉ मुकेश एस. मूंड पिछले 28 वर्षों से मैथ्स और रीजनिंग विषय को शॉर्ट ट्रिक्स के माध्यम से सरल और प्रभावी तरीके से पढ़ा रहे हैं। अन्य विषयों का अध्यापन भी अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में पढ़ाई गई सामग्री और सैनिक पब्लिकेशन के स्टडी मटेरियल को यदि विद्यार्थी पूरी लगन से तैयार कर लेंए तो सफलता निश्चित है। नए बैचों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी झुंझुनूं स्थित सैनिक एकेडमी में संपर्क कर अपना नामांकन सुनिश्चित कर सकते हैं।

# वरुथिनी एकादशी कल : मंदिरों में सजेगी विशेष झांकियां

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाख कृष्ण एकादशी 13 अप्रेल को वरुथिनी एकादशी के रूप में मनाई जाएगी। श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान का पूजन करेंगे। गोविंद देवजी मंदिर में मुख्य उत्सव होगा। ठाकुरजी को लाल रंग की पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के भाव से श्रृंगार किया जाएगा। एकादशी पर यहां विशेष झांकी सजाई जाएगी। एकादशी पर दुर्लभ राज पंचक बनेगा। इसे आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ भौतिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी बना रहा है। सामान्यत : पंचक को वर्जित माना जाता है, किंतु सोमवार से आरंभ होने वाला राज पंचक शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार इस विशेष योग में किए गए कार्यों में सफलता की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। वरुथिनी एकादशी तिथि 13 अप्रैल को रात्रि 1:17 बजे प्रारंभ होकर 14 अप्रैल को रात्रि 1:08 बजे समाप्त होगी। ऐसे में व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा, जबकि पारण 14 अप्रैल को द्वादशी तिथि पर किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। श्रद्धालुओं को इस दिन पीले वस्त्र अर्पित कर, चंदन या हल्दी का तिलक लगाकर विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। पूजन में पीले पुष्पए केला, चने की दाल, गुड़, पंजीरी तथा तुलसी दल अर्पित करना शुभ माना गया है। बिना तुलसी के पूजन अधूरा माना जाता है। अंत में विष्णु चालीसा और आरती के साथ पूजा संपन्न की जाती है। ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है कि यह दिन लंबे समय से लंबित सरकारी कार्य को गति देने, भूमि-भवन अथवा अन्य अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय, नए व्यापारिक अनुबंधों तथा बड़े निवेश के लिए विशेष रूप से अनुकूल है।

### व्रत रखने से होगी कामना पूर्ति

ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में एकादशी को केवल व्रत का दिन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बताया गया है। श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत एवं पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है तथा मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समाज सुधारक महात्मा फुले के आदर्शों एवं उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने में महात्मा ज्योतिबा फुले की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा, अक्षर ज्ञान एवं साक्षरता समाज के समग्र विकास का मूल आधार हैं। महात्मा फुले ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई तथा समाज में समानता, शिक्षा एवं जागरूकता का संदेश देते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया।

# राठौड़ के जन्मदिन पर होने वाली जनसभा को लेकर किया जनसंपर्क

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन व जनरल लेफ्टिनेंट पद्मभूषण सगतसिंह की प्रतिमा अनावरण के अवसर पर 22 अप्रेल को चूरू कृषि मंडी परिसर में होने वाले शौर्य दिवस व विशाल जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने शनिवार को भी तारानगर विधानसभा के अनेक गांवों में जनसम्पर्क किया। भाजपा पदाधिकारियों ने सोमसीसर, पुनसीसर, सहजासर, मेहरासर उपाध्यायन, निमरासर, रातूसर, भाऊवाला, रायपुरा, कालवासिया, बास धिगतानिया, जैतसीसर, बरजागसर, पिचकराई टिब्बाध्ताल, शिमला, बोघेरा, ढाणी तेतरवाल, बिल्यूँ बास रामपुरा/महियाँ, देवासर, अमरासर गांवों का दौरा किया व ग्रामवासियों से अधिकाधिक संख्या में चूरू पहुंचने की अपील की। भाजपा नेता जांगिड ने बताया कि 22 अप्रैल को कृषि उपज मंडी चूरू में शौर्य दिवस तथा राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर जनसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित अनेक नेतागण शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा नेता रतनसिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, डॉ. महेश शर्मा, अजीतसिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष महेंद्र स्वामी, लीलाधर प्रजापत, सूर्यप्रकाश ढाका, साबिर हुसैन, राजेंद्र जोइया, मदन गुरी, चिरंजी भारद्वाज, गुलाब सोलंकी, राहुल जोशी, जोगेंद्र राठौड़, नंदलाल शर्मा, मेनपाल राहड सहित अनेक नेतागण तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।


## सार्वजनिक सुचना

यह कि मेरी मुवकिला श्रीमती मंजू पत्नी नरेन्द्र जाति ब्राहम्ण निवासी जवाहरपुरा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू (राज) के अपने एक आवासीय प्लोट पट्टा 398 क्षेत्रफल 461.00 वर्ग मीटर वाके ग्राम जवाहरपुरा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू में स्थित है। उक्त प्लोट का पट्टा मुवकिला के पती नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र नरसाराम जाति ब्राहम्ण निवासी जवाहरपुरा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू के नाम से था मेरे मुवकिला के पति नरेन्द्र कुमार शर्मा का देहान्त हो चुका है।। इसके बाद मेरे मुवकिला के पुत्रान मुकेश कुमार व अनिल कुमार ने मेरी मुवकिला मंजू के पक्ष हक त्याग दिनाकं 19.03.2026 को कर दिया दिया। अब उक्त प्लोट की मेरी मुक्कीला एकमात्र मालिक है। अन्य किसी भी व्यक्ति का इस प्लोट पर लेना देना नही है। उक्त प्लोट पर मेरे मुवकिला द्वारा लोन लेने/गिरवी, मोर्गेज रखने या अन्य किसी प्रकार का हस्तानान्तरण करने पर किसी को कोई आपत्ती / एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देयें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जायेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

# फुले-अम्बेडकर वाहन रैली एवं शोभायात्रा के साथ ही सामाजिक न्याय के नारों से गूंजा झुंझुनू

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू एवं सर्व समाज के बैनर तले आयोजित फुले-अम्बेडकर वाहन रैली, शोभायात्रा एवं पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यालय स्थित सैनी मंदिर से हुआ। सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भांबू, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, महिला जिलाध्यक्ष बबली सैनी, संरक्षक मुरारी सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विश्वभर पूनिया, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष जेपी सैनी, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष देवकरण सैनी, सिंघाना ब्लॉक अध्यक्ष डीपी सैनी, मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष संजय अलसीसरिया, खेतड़ी ब्लॉक अध्यक्ष देवाराम सैनी, पिलानी संयोजक लीलाधर विशनोलिया, महामंत्री रतनलाल सैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र फुलवाला, भामाशाह सुनील सैनी, संस्था के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सैनी, माली सैनी समाज संस्था के विधि सलाहकार एडवोकेट मोतीलाल सैनी एवं एडवोकेट होशियार सिंह सैनी, संस्था के सहकोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, चेयरमैन गोविन्द सिंह राठौड़, भाजपा जिला महामंत्री दलिप सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली एवं शोभायात्रा को रवाना किया। रैली के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहें, भीमराव अम्बेडकर अमर रहें तथा शिक्षा क्रांति के जनक ज्योतिबा फूले अमर रहें जैसे जयघोषों से वातावरण गूंजायमान हो उठा। रैली के माध्यम से जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि आवंटन, फुले एवं सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने तथा झुंझुनूं शहर के किसी प्रमुख सर्किल का नामकरण उनके नाम पर करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। रैली में महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले एवं भीमराव राव अम्बेडकर के जीवन पर आधारित सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। संस्था के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि दलितों, शोषितों, निराश्रितों वंचितों एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए महात्मा ज्योतिबा फूले ने 19वीं शताब्दी में जिस समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी, वह आज साकार होती दिखाई दे रही है। उन्होंने वर्तमान भारतीय समाज से उनके विचारों को आत्मसात करने तथा उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र भाम्बू एवं श्रवण कुमार ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर स्वयं महात्मा ज्योतिबा फुले को अपना गुरु मानते थे तथा उनके सत्यशोधक समाज के सिद्धांतों को भारतीय संविधान में समाहित कर आधुनिक भारत की सशक्त नींव रखी । उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जिसकी सुदृढ़ नींव इन महापुरुषों के विचारों पर आधारित है। भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने समाज की मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए उन्हें पूरा कराने का भरोसा दिया। शोभायात्रा के दौरान खटीक समाज, रैगर समाज, सैनी समाज तथा अन्य समाजों द्वारा रैली में चल रहे लोगों पर पुष्प वर्षा की गई। फुले-अंबेडकर वाहन रैली में संगठन मंत्री प्रो. हितेश सैनी, सर्व समाज एकता मंच के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंदेल, राजेश बजाड़, संगठन मंत्री बाघसिंह तोमर, वरिष्ठ अध्यापक दलीप सैनी, संगठन मंत्री सुमेर सैनी इस्लामपुर, ब्लॉक महामंत्री संतोष सैनी चिड़ावा, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी आदर्श नगर, प्राचार्य अनिता सैनी, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील सैनी रतनशहर, मास्टर प्रदीप सैनी, संगठन मंत्री अशोक सैनी नानूवाली बावड़ी, महिला विंग जिलाध्यक्ष बबली सैनी, सुनीता शास्त्री, प्रधानाध्यापक अनिता सैनी, रेंजर अमित सैनी, डीपी सैनी कायस्थपुरा, उपसरपंच बारसीलाल सैनी, संगठन मंत्री घनश्याम सैनी, बड़ागांव सैनी समाज अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, सुलताना अध्यक्ष नागरमल सैनी, बबाई अध्यक्ष संजय सैनी, सुरेन्द्र तंवर उदयपुरवाटी, सुमेर मावर, नवनीत फौजी, ताराचंद सैनी, पूर्व सरपंच मूलचंद सैनी, वैवाहिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रामलाल सैनी बागोरा, नानू वाली बावड़ी सरपंच रमेश सैनी, पूर्व सरपंच बजावा बुधराम सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय मंत्री अजय सैनी, सुलताना की पूर्व सरपंच रेखा सैनी, बड़ागांव सरपंच राजेन्द्र सैनी, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी, संस्था के उपाध्यक्ष एस आई बाबूलाल सैनी चिड़ावा, पार्षद भगवती प्रसाद सैनी पिलानी, उदयपुरवाटी पार्षद श्यामलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुशील सैनी, सुभाष आल्हा, पूर्व पार्षद सुधीर चाहर, भाजपा महामंत्री नरेश शर्मा, कुश्ती संघ के प्रदेश सचिव उम्मेद सिंह, डॉ रमाकांत शर्मा, पंसस नन्दलाल सैनी, प्रधानाचार्य देवेन्द्र झाझड़िया, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व चेयरमैन सत्यवीर बरवड़, प्रो किशोर बरवड़, एईएन रामप्रताप, संस्था के उपाध्यक्ष एईएन सुरेन्द्र सैनी, भामाशाह रामस्वरूप सतरावला, संरक्षक प्रभाती लाल सैनी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी, उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष मनोज मील, पीआरओ हिमांशु सिंह, पंसस खेतड़ी नौरंगलाल सैनी, मंगलचंद, सूबेदार गिरधारी लाल कांकरिया, प्रो अनिल सैनी, लीलाधर सैनी निदेशक परिष्कार स्कूल, महेन्द्र सिंगोदिया, सुरेन्द्र सैनी एईएन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा पंवार, पूर्व सरपंच बनवारीलाल गोठवाल, सरपंच महावीर सिंह खुडाना, एईएन घडसीराम सैनी, ढाणा सरपंच विकास सैनी, विजय गौड़, पूर्व उपनिदेशक कृषि डॉ सुरेन्द्र सिंह सैनी, भोलाराम कांकरिया, जीएसएस अध्यक्ष राजेश चाहर एवं रामजीलाल सैनी, भाजपा के दिनेश सैनी सुलताना, गंगा सहाय कांकरिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लोगों ने भाग लेकर सामाजिक समरसता एवं शिक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## महात्मा ज्योतिबा की जयंती पर निकाली रैली

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में हम कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती पर रैली डॉ. अम्बेडकर स्टेच्यू जिला चिकित्सालय से प्रारम्भ हुई। रैली में डीजे, घोड़ी- ऊंट व बैंडबाजा के साथ शहर के प्रमुख मार्ग से निकाली। आयोजित रैली में मुख्य आर्कषक महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की संजीव झांकियां रही है। रैली को कामगार समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल, महात्मा ज्योतिबा राव फूले समारोह समिति अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, डॉ. अम्बेडकर समारोह समिति अध्यक्ष हनुमानाराम मेघवाल छाबड़ी, एसी एसटी समाज अध्यक्ष श्रवणकुमार सोडा, दौलतराम पेशिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का प्रारम्भ डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्टेच्यू पर पुष्प अर्पित कर किया जो मुख्य बाजार बस स्टैंड, अशोक स्तंभ, घंटाघर, गणेश मंदिर होते हुए हनुमान पार्क होते सैनी समाज अतिथि भवन में जनसभा हुई जिसकी अध्यक्षता कामगार समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल ने कि व मुख्य अतिथि दौलतराम पेशिया ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, हनुमानाराम मेघवाल छाबड़ी, मोहनलाल सैनी, श्रवणकुमार सोडा, अशोक कुमार आलडिया, धनेश्वर सैनी, मंजू बारवाल, सरिता पडिहार, आरती सैनी, कोमल सैनी आदि मंचस्थ अतिथि रहे। आगंतुक का महात्मा ज्योतिबा राव फूले समारोह समिति अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मोहनलाल गौड़, वेदप्रकाश पंवार, फकीर चंद दानोदिया, शिवाराम मेघवाल, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, सत्यपाल बौद्ध, भंवरलाल जसैल, राजेंद्र कुमार नोखवाल, जे पी भाटी, गोविंद प्रसाद बबेरवाल, डुगर मल सोडा, पीथाराम जोईया बुधवाली, गौरीशंकर सैनी, दौलतराम दायमा, वीरेंद्र कुमार बुनकर, संदीप कुमार धानिया, ओमप्रकाश टाक, सौरभ तंवर सागासर, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, ओमप्रकाश सोडा, शिवभवान, सत्यपाल गौतम, पूर्व उप प्रधान रतनलाल मेघवाल टिडियासर, रेखाराम मेघवाल जेगणिया, श्रवणकुमार जैतासर, मानाराम पायली, मदनलाल कम्मा परमेश्वर लाल गौड़, मदनलाल मेघवाल, सुलतानराम मेघवाल सिकराली, राकेश नायक, विद्याधर सिंह बेरवाल, झाबरमल्ल कुसुमदेसर, गिरधारी लाल सैनी, विनोद कुमार गौड़, सुरेन्द्र कुमार इदलियां, केशरदेव मंडार, एडवोकेट राजेंद्र कुमार मारोठिया, भंवरलाल पेंटर सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। रैली के दौरान जगह जगह बाजारों में सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं राजनेताओं ने फुल वर्षो की गई तथा रैली में जलपान, जयुस इत्यादि ठंडे पानी की रैली में व्यापारियों द्वारा व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का मंचिय संचालन अशोक कुमार सैनी ने किया।

## भीमराव अंबेडकर मूर्ति अनावरण 14 को



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अगुणा मोहल्ले मूरड़ाई बास स्थित मेघवाल भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे मेघवाल भवन से विशाल रैली रवाना होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। इसके पश्चात सुबह 11 बजे प्रतिमा अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर भीम शक्ति एवं मेघवाल समाज के जितुराम मेघवाल व तिलोकचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में रवि शेखर मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पूनमचंद गर्ग करेंगे। इस अवसर पर बिदासर प्रधान संतोष मेघवाल, थानाधिकारी सुरेंद्र बारूपाल, मेघवाल परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कानाराम कांटीवाल, अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल सहित भानीराम मेघवाल, सुगन चंद मंडार रतनगढ़ एवं भीम आर्मी राजलदेसर के अध्यक्ष श्रवण कुमार मेघवाल समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन मेघवाल समाज भवन में किया गया। इस मौके पर भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, सुखाराम, हेमराज, डूंगराराम, भगवानाराम, सांवरमल कालुराम तंवर, उल्लासाराम, सोहनलाल सहित समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।

## रांदड़ 12 को व मिर्धा 14 को आएगी सीकर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नागौर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष सुनीता रांदड़ 12 अप्रेल व नागौर की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा 14 अप्रेल को सीकर प्रवास पर रहेगी। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि भाजपा में नागौर देहात जिलाध्यक्ष सुनीता रांदड़ 12 अप्रेल को सर्किट हाउस में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता करेंगी। वहीं नागौर की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा 14 अप्रेल को अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

## राधे श्याम संकीर्तन के अवसर पर सजा राधाकृष्ण व श्याम बाबा का दरबार

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में शुक्रवार को गट्टाणी सत्संग भवन प्रांगण में आयोजित हुवा राधेश्याम संकीर्तन महोत्सव। संस्था के मनोहरलाल रांकावत व कुलदीप चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में भजन प्रवाहक के रूप में हमारे बीच वृन्दावन के बृज रसिक श्री कुंजबिहारी दास महाराज व कोलकता से संजय मित्तल व स्थानीय कलाकार दिनेश हिंदुस्तानी, मुरली पारीक, श्याम पारीक सहित अन्य कलाकार अपने भजनों की प्रस्तुतिया दी। यह कार्यक्रम श्याम संघ संस्था व श्याम दीवाना संकीर्तन मण्डल के सयुक्त तत्वाधान मे आयोजित हुवा व संस्था के जयकिशन बागड़ी व गौरीशंकर तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम सांय 7:00 बजे से प्रारम्भ हुवा जो अलसुबह 4 बजे बाबा की आरती के साथ सम्पन्न हुवा। कार्यक्रम में राधे राणी व श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया है ओर कार्यक्रम में बाबा की अखण्ड ज्योत व पुष्प और इत्र वर्षा रही मुख्य आकर्षण। संस्था के अशोक जोशी व राजू ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में कन्हैयालाल झंवर पूर्व संसदीय सचिव, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर, जयकिशन बागड़ी, मनोहरलाल रांकावत, कुलदीपसिंह, चौधरी, निर्मल झंवर, पपुराम गहलोत, गोपाल छिम्पा, अशोक जोशी, मनोहरलाल झंवर, गौरीशंकर तिवाड़ी, सुंदर प्रजापत, राजू ओझा, कन्हैयालाल सारस्वत, अंकित तोषनीवाल, संजय भानु, रामनिवास सीगड़, प्रदीप सोनी, सत्यनारायण सोनी, मनीराम डेलू, श्याम पारीक, मोहनलाल जाट, मनीराम बिश्नोई, महावीर पारीक, राजेश रांकावत, पप्पूराम छिम्पा, भगवानाराम पंचारिया, दिनेश पारीक, सोमदत्त चितलांगिया, राजू जाट, मुरली पारीक, लीलाधर राठीसहित सभी श्याम प्रेमी व मातृशक्ति की उपस्थिती रही।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को ली। बैठक में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि अभियान के माध्यम से महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ और प्रभावशाली महिला व्यक्तित्व से जुडना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और नमो एप माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक महत्व को साझा करना होगा। कहा कि इसका महत्व यह है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित होगी। यह प्रावधान परिसीमन की प्रक्रिया के बाद लागू होगा। कहा कि राष्ट्रव्यापी इस कार्यक्रम में जिले की अग्रणी भूमिका रहनी चाहिए। इस दौरान सुमन वर्मा, शारदा काबरा, प्रियंका बाजिया, अनुराधा, भंवरी खोखर, उमा सैनी, राज शर्मा, राजेश रोलन, तेजप्रकाश सैनी, नेमीचंद कुमावत, डॉ. कमल सिखवाल, अशोक चौधरी, गोविंद सैनी आदि मौजूद रहे।

## गायों को गुड़ खिलाकर मनाया बैद का जन्मदिन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** कार्यकर्ताओं ने तारानगर के पूर्व विधायक डॉ. चंद्रशेखर बैद शनिवार को शहर के वार्ड नंबर 03 में स्थित आदर्श गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने भाग्यश्री अनाथालय में मंदबुद्धि बच्चों को फल व भोजन वितरित कर डॉ. बैद के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर गिरधारीलाल सोलंकी, हरि इन्दौरिया, मनीष सैनी, डूंगरमल लुहार, नथमल कन्दोई, बृजलाल सरावगी, रुस्तम तेली, अदरिश, श्रवण सैनी, सरबर अली लुहार, गुलाब नबी, गुलाब सोलंकी, दाउद लुहार, इकरामुद्दीन, सदीक, मो बिलाल, मोहित आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सैनी सभा ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय सैनी सभा के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती नाथजी का टीला स्थित रामानुज कोचिंग सेंटर में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सैनी सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत बालाण थे, विशिष्ठ अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश संरक्षक जगदीश प्रसाद सैनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सैनी सभा झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय सचिव अजय सैनी ने कहा नारी शिक्षा के अग्रदूत सामाजिक क्रांति के प्रेरणा स्रोत महान समाज सुधारक सत्यशोधक समाज के संस्थापक क्रांतिसूर्य विचारक और लेखक के रूप में अनेक प्रकार की पुस्तक जिसमें मुख्य गुलामगिरी पुस्तक है। ज्योतिबा राव ने अनेक प्रकार की रचनाओं का उल्लेख भी पुस्तकों में किया है। अतिथियों के द्वारा महात्मा के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर मनोज करोड़िया, रवि सैनी, नंदलाल सैनी, ताराचंद सैनी, मानस सैनी, अरविंद सैनी, मुमताज, संजय सैनी, राकेश सैनी, दयाराम सैनी, राकेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, रविकांत सैनी, लोकेश सैनी, संजय कुमार सैनी, उपभोक्ता आयोग के सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी, सुरेंद्र सैनी, द्वारका प्रसाद सैनी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शहर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। परमानंद तिलोकचंद महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जन्म जयंती पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मणराम चौधरी, डायरेक्टर बाबूलाल करोड़िया, व्याख्याता सुनील व छात्र-छात्राओं ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य लक्ष्मणराम चौधरी, बाबूलाल करोड़िया ने विस्तार से बताया कि उन्होंने कैसे संघर्ष करते हुए दलितों, पिछड़ों व महिला शिक्षा के बारे में कितना काम किया। उन्होंने महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला और उसकी प्रथम अध्यापिका माता सावित्रीबाई फुले को नियुक्त किया। महात्मा ज्योतिबा ने दलितों पिछड़ों आदिवासियों के लिए अपने घर का कुआं पानी के लिए खोल दिया। आज की नारी शिक्षा का श्रेय महात्मा ज्योतिबा फुले को ही जाता है। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं ने भी विचार प्रकट किए। इसी प्रकार शेखावाटी सैनी समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में गणपति प्लाजा परिसर में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विक्रम सिंह चोबदार, सोहनलाल टाक, एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत, सूरजमल पंवार, नोरतन बागड़ी, रामचन्द्र टाक सहित अनेक लोगों ने विचार प्रकट किए और शिक्षा के क्षेत्र में फुले के संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम में नोरतनमल बागड़ा, पवन बागड़ा, बबलू जोशी, दीपक बागड़ा, सुशील शर्मा, गोपाल, रंजीत कुमार सैन सहित कई लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार निकटवर्ती कस्बे छापर के वार्ड नं 2 में स्थित स्वामी गीगदास स्मृति भवन में हम कामगार समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई। दीप प्रज्वलन कर शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत तहसीलदार आदूराम मेघवाल रहे।

जबकि विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी धन्नाराम मेघवाल, अध्यक्षता निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ एडवोकेट सूर्यप्रकाश स्वामी के कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा बिना शिक्षा व संगठन के अधूरी है। सामाजिक समानता का रास्ता महात्मा ज्योतिबा फुले ने दिखाया वो दिन प्रतिदिन प्रासंगिक होता जा रहा है। कार्यक्रम को समाजसेवी पुटिया राजा, राकेश ढेनवाल, प्रिंसिपल रामगोपाल, रमेश सुथार, हीरालाल गौस्वामी, विकास चारण, नानूराम कॉंटीवाल, वरिष्ठ पशु चिकित्सक प्रदीप कुमार सोनी ने सम्बोधित किया। इसी प्रकार बागड़ा बास स्थित द वी एस कॉन्सेप्ट कोचिंग में भी फुले जयंती मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता सरोज देवी ने की। निदेशक विकास सिंह चोबदार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर संजय, आदित्य, पूजा, शुभम, नवीन, आरती आदि मौजूद रहे।

## असम सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा ने किए सालासर बालाजी के दर्शन

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** असम मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा शनिवार को सालासर आए और सालासर बालाजी के धोक लगाई तथा मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। चूरू आगमन पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम ने स्वागत किया और जिले में विविध गतिविधियों की जानकारी दी। मंदिर में धर्मवीर पुजारी, कमल पुजारी, देवीप्रकाश, सुरेश, अर्जुन सहित पुजारी परिवार ने पूजा-अर्चना करवाई और बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर मुख्यमंत्री शर्मा का अभिनंदन किया। इस दौरान एडीएम संतोष कुमार मीना, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारी पारीक, सीओ दरजाराम, पुष्पेंद्र झाझडिया सहित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190